

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

## हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मेरा पियानो मेरी गीत लेखन का...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

रविवार, 25 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्ष: 09 अंक: 276 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## मंडी की वर्चुअल रैली में बोले पीएम मोदी, आजादी के आंदोलन में हिमाचल की अहम भूमिका



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज युवा विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तय कार्यक्रम के तहत मुझे अब तक मंडी पहुंच जाना था, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। मैं सबसे पहले क्षमा प्रार्थी हूं, दिल्ली से ही आप सभी से संवाद कर रहा हूं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक हमारे देश में सरकारें अस्थिर रहीं, किसी को बहुमत नहीं था। सरकार कितने दिन चलेगी, चलेगी भी या नहीं चलेगी यह सिर्फ भारत के मतदाताओं के मन में ही नहीं दुनिया के मन में भी आशंका होती थी और इस कारण से कोई भारत की किसी बात पर विश्वास करने से पहले 50 बार सोचता था। हिमाचल की युवा शक्ति ने हमेशा अलग–अलग मोर्चों पर देश को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। आजादी के तुरंत बाद जम्मू–कश्मीर पर हुए हमले से लेकर कारगिल युद्ध तक हिमाचल के जांबाजों ने सर्वोच्च बलिदान देकर मां भारती का सर ऊंचा रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि देश में दवाओं के रॉ–मैटेरियल में आत्मनिर्भरता के लिए आज जो काम चल रहा है, उसके लिए तीन राज्यों को चुना गया है। जिसमें से एक है अपना हिमाचल प्रदेश। जहां बल्क ड्रग्स पार्क बनाया जा रहा है। देश के चार राज्यों में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाए जा रहे हैं, उसमें भी हिमाचल एक राज्य है। हिमाचल के लोग, हिमाचल के युवा भी, भाजपा सरकार की वापसी का मन बना चुके हैं। हिमाचल के युवा जानते हैं कि साफ नीयत के साथ, ईमानदार नीयत के साथ हिमाचल का विकास कोई कर सकता है, तो वो भाजपा ही है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भाजपा देश के युवाओं पर हिमाचल के युवाओं पर सबसे अधिक भरोसा करती है। अब देश की युवा शक्ति मिलकर आजादी के अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प पूरा करेगी।

## मुरादाबाद और उत्तराखंड की घटनाओं ने सबका दिल दहला दिया है: राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुरादबाद में एक लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार और उत्तराखंड में एक लड़की की कथित हत्या की घटना पर दुख जताते हुए शनिवार को कहा कि इन मामलों ने सबका दिल दहला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा, जब महिलाएं सुरक्षित होंगी। इन दिनों 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे राहुल गांधी ने ट्वीट किया, "मुरादाबाद और उत्तराखंड में युवतियों के साथ जो घटनाएं हुई हैं, उन्होंने सबका दिल दहला दिया है। भारत जोड़ो यात्रा में, मैं कई प्रतिभाशाली बच्चियों और युवतियों से मिल रहा हूं, उन्हें सुन रहा हूं। एक बात साफ है, हमारा भारत तब ही आगे बढ़ेगा, जब देश की महिलाएं सुरक्षित होंगी।" उत्तराखंड के पौड़ी जिले के यमकेश्वर क्षेत्र में एक रिजॉर्ट से पांच दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 19 वर्षीया अंकिता भंडारी का शव एक नहर से बरामद हुआ है। उसकी हत्या के आरोप में शुक्रवार को एक भाजपा नेता के रिजॉर्ट संचालक पुत्र और उसके दो अन्य कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था। पौड़ी के श्रीकोट की रहने वाली अंकिता भोगपुर क्षेत्र में वनतारा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी और 19 सितंबर से लापता थी। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के भोजीपुर इलाके की एक कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह कथित तौर पर सड़क पर निर्वस्त्र स्थिति में दिखाई देती है। पुलिस ने कहा कि घटना एक सितंबर को भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी और पीड़िता के रिश्तेदार द्वारा सात सितंबर को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## एस जयशंकर बोले: हम तेजी से बढ़ रहे हैं आगे



नई दिल्ली। न्यूयार्क में आयोजित श्भारत / 75रू इंडिया–यूएन पार्टनरशिप इन एक्शनश कार्यक्रम विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विसकिस भारत की बात कही है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एएनआई के मुताबिक विदेश मंत्री ने कहा कि 18 वीं सदी में भारत विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का लगभग एक चौथाई हिस्सा रखता था। 20 वीं सदी के मध्य तक गुलामी के चलते भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक बन गए थे। उन्होंने कहा कि लेकिन आजादी के 75 साल बाद भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारा विकास डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि कोई भी पीछे न रहे। इसके साथ ही एस जयशंकर ने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी की मदद से 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा के तहत राशन उपलब्ध कराया जा चुका है...भारत 2047 तक एक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखता है। हम अपने दूर सदूर के गावों को भी डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखते हैं और तेजी से इसपर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ग्रह के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों और उसके चार्टर पर पूरा भरोसा है। हमारे विचार में दुनिया आज एक परिवार है। उन्होंने कहा कि 400 मिलियन से अधिक लोगों को नियमित रूप से भोजन मिलता है और हमने 2 बिलियन से अधिक टीके लगाए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए दो प्रमुख पहलों को भी सक्षम किया है, पहला 2015 में फ्रांस के साथ अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन। आज, इसके 100 से अधिक सदस्य हैं। दूसरा आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन है जिसमें भारत संस्थापक सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत की विकास गाथा को विस्तार की आवश्यकता नहीं है, आज के भारत में हर क्षेत्र में परिवर्तनकारी परिवर्तन हो रहे हैं। हमें अपनी परंपराओं पर गर्व है और हमारे भविष्य पर भरोसा है।

## भारत में बनने जा रही समुद्र के नीचे पहली सुरंग, 300 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली। भारत को अगले कुछ वर्षों में अपनी पहली अंडरसी टनल मिलने वाली है। ये



अहमदाबाद–मुंबई हाई स्पीड रेल (बुलेट) ट्रेन प्रोजेक्ट का हिस्सा होगी। परियोजना को लागू करने वाली नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचसीआरसीएल) ने सुरंग के के लिए बोलियां मंगाई हैं। ये सुरंग 21 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें 7 किलोमीटर समुद्र के अंदर से गुजरेगी। सुरंग का निर्माण महाराष्ट्र के बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा में भूमिगत स्टेशनों के बीच किया जाएगा। ठाणे की खाड़ी में भी इस अंडरसी सुरंग का निर्माण होगा। समुद्र के अंदर बनने वाली इस सुरंग में 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। इससे पहले, दिल्ली–मुंबई रैपिड रेल ट्रांजिट परियोजना के लिए यमुना में प्रस्तावित अंडरवाटर टनल संभव नहीं थी। सड़क और रेल मंत्रालय भी ब्रह्मपुत्र में एक सुरंग बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं जिसका इस्तेमाल वाहनों और ट्रेनों दोनों के लिए किया जा सकता है। एनएचसीआरसीएल के अनुसार, ठाणे क्रीक में सुरंग अप और डाउन ट्रेनों के लिए ट्विन ट्रैक को समायोजित करने के लिए सिंगल ट्यूब होगी। एनएचसीआरसीएल ने कहा कि इस पैकेज में सुरंग स्थान से सटे 37 स्थानों पर 39 उपकरण कक्ष भी बनाए जाएंगे। सुरंग जमीनी स्तर से करीब 25 से 65 मीटर गहरी होगी और सबसे गहरा निर्माण स्थल शिलफाटा के पास पारसिक पहाड़ी से 114 मीटर नीचे होगा। इस परियोजना के लिए 13.1 मीटर व्यास के कटर हेड वाली टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया

## पुणे में पीएफआई की रैली में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे, पुलिस ने 1 आरोपी को हिरासत में लिया

नई दिल्ली। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ राष्ट्रव्यापी एक्शन के बाद इस संगठन की तरफ से विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिल रहा है। अब खबर है कि महाराष्ट्र के पुणे में जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर श्पाकिस्तान जिंदाबादश के नारे लगाए गए थे। पीएफआई के कार्यकर्ता वहां ईडी–सीबीआई–पुलिस की छापेमारी के खिलाफ इकट्ठे हुए थे। पुलिस ने तक्काल कार्रवाई करते हुए कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया था जिन्हें आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में 60–70 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुणे में विरोध प्रदर्शन के कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें कुछ लोग अल्लाह हू अकबर के साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।



## संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में कोविड–19 से लड़ाई पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौजूदा सत्र के शुरुआती चार दिनों में युद्ध, जलवायु परिवर्तन और परमाणु हथियारों के खतरे पर तीखी बहसों के बीच कोरोना वायरस महामारी से निपटने के मुद्दे पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई। सत्र में शामिल ज्यादातर सदस्यों ने मास्क नहीं लगा रखा था। और जिन सदस्यों ने मास्क लगा रखा था, उनके मास्क अधिकतर समय ठुड्डी के नीचे रहते थे। सत्र में लगभग सभी विश्व नेताओं ने अपने संबोधन में कोविड–19 महामारी का जिक्र शिकायतों की एक लंबी फेहरिस्त के अंत में ही किया। हालांकि, महासभा के वार्षिक सत्र से इतर हुई बैठकों में महामारी अब भी बातचीत का मुख्य हिस्सा थी। बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल और अन्य लोगों के साथ कोरोना रोधी टीकों, जांच सुविधा और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के मुद्दे पर चर्चा की। इससे एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड कोविड–19 के खिलाफ जंग में मिली प्रगति के संबंध में वैश्विक नेताओं की बैठक में शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने दुनिया के 116 देशों को कोविड–19 रोधी टीकों की 62 करोड़ खुराक उपलब्ध कराई हैं, लेकिन महामारी से लड़ाई की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। वहीं, डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में कहा था कि महामारी की दस्तक के बाद से अब दुनियाभर में मृतकों की संख्या सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है और विश्व की दो–तिहाई आबादी का टीकाकरण किया जा चुका है, लेकिन एक तथ्य यह भी है कि टीकाकरण दर के मामले में अमीर और गरीब देशों में अब भी बड़ा अंतर है।

## बाल उत्पीड़न से जुड़ी सामग्री के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई, देशभर में 56 जगहों पर छापेमारी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'ऑपरेशन मेघ चक्र' के तहत बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री (सीएसएएम) के ऑनलाइन प्रसार से जुड़े दो मामलों में शनिवार को 19 राज्यों और एक केंद्र–शासित प्रदेश में 56 ठिकानों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना और पिछले साल के 'ऑपरेशन कार्बन' के दौरान प्राप्त खुफिया जानकारी पर आधारित है। छापेमारी अभियान क्लाउड स्टोरेज सेवाओं पर लक्षित है, जिसका इस्तेमाल अपराधी बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो–विजुअल प्रसारित करने के लिए करते हैं। इसी के चलते इस अभियान को 'ऑपरेशन मेघ चक्र' नाम दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने देशभर में सीएसएएम प्रसारित करने वाले अपराधियों के खिलाफ छापे मारे हैं।






## विधानसभा में मोबाइल पर गेम खेल रहे थे विधायक, अखिलेश ने ट्वीट किया वीडियो, भाजपा पर साधा निशाना



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा का सत्र चल रहा है। आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी देखने को मिल रहा है। विपक्षी समाजवादी पार्टी लगातार भाजपा पर हमलावर है। इन सबके बीच भाजपा के एक विधायक विधानसभा में मोबाइल पर गेम खेलते नजर आ रहे हैं। इसका वीडियो समाजवादी पार्टी की ओर से ट्वीट किया गया है। बाद में इस वीडियो को अखिलेश यादव ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से वीडियो को ट्वीट किया। अखिलेश ने इस वीडियो के बहाने भाजपा पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। अखिलेश का दावा है कि गेम खेलने वाले विधायक भाजपा से हैं। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा कि भाजपाई विधायक उप्र विधानसभा के सत्र में खेल रहे हैं ताश और कर रहे हैं प्रदेश का नाश। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के उन विधायक जी को धन्यवाद जिन्होंने पीछे से ये वीडियो बनाकर व वाइरल कर जनहित का काम किया। अब देखना ये है कि मुख्यमंत्री जी इन मा. विधायकजी पर 'नैतिक बुलडोजर' कब चलाएँगे? वहीं समाजवादी पार्टी की आधिकारिक ट्विटर हैंडल से लिखा गया कि महोबा से भाजपा विधायक विधानसभा में तीन पत्ती गेम खेल रहे। कर्नाटक में भाजपा विधायक मोबाइल पर पोर्न देखते पाए गए थे। भाजपा विधायकों को जनसमस्याओं से कोई लेना देना नहीं, ये सिर्फ भ्रष्टाचार, बलात्कार, फालतू गेम्स में संलिप्त हैं, ये भाजपाई जनसेवक और जनप्रतिनिधि हैं? शर्मनाक! इससे पहले भी अखिलेश कई मसलों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा रहे हैं। आज ही एक ट्वीट में उन्होंने लिका कि उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश से या कुछ हिस्सों में सूखा पड़ने से जो भारी नुकसान किसानों को हुआ है, उसके लिए सरकार तुरंत मुआवजा घोषित करे।

# श्रीराम एयरपोर्ट की राह फिर हुई मुश्किल

## हाईकोर्ट ने सरकार, नगर निगम व विकास प्राधिकरण से मांगा जवाब

अयोध्या । श्रीराम एयरपोर्ट के निर्माण की अडचने धमने की नाम नही ले रही है। आरोप है कि ऐतिहासिक–धार्मिक महत्व की नदी तिलोदकी गंगा को पाटकर गंजा गांव में एयरपोर्ट की बिल्डिंग बना दी गयी है। इस मामले में सरयू नगर विकास समिति ने लखनऊ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी थी जिसपर कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए एक्शन लिया है। न्यायालय ने नगर निगम अयोध्या एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण को तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का समय दिया है। सरयू नगर विकास समिति ने पीआईएल संख्या 547ध्2022 अपने अधिवक्ता ओंकार नाथ तिवारी एवं ऋचा तिवारी के जरिए पेश कियास जिसमें उच्च न्यायालय ने 22 सितंबर को कहा कि प्रतिवादी संख्या 7 को नोटिस जारी करने के प्रार्थना पत्र पर भी अगली तिथि को विचार किया जायेगा। उच्च न्यायालय के आदेश पर गंजा निवासी दुर्गा प्रसाद यादव सहित सभी नागरिकों ने खुशी जताई है और उच्च न्यायालय के साथ साथ श्री सरयू नगर विकास समिति से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। न्यायालय के आदेश पर खुशी जाहिर करते हुए सरयू नगर विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जनता के हितों एवं जनहित की लड़ाई के लिए श्री सरयू नगर विकास समिति किसी भी सीमा पार कर जायेगी,यदि आवश्यक हुआ तो सर्वोच्च न्यायालय तक नागरिकों की लड़ाई को लडी जायेंगी।

तिलोदकी गंगा को बचाने में जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

–श्रीराम एअरपोर्ट के विस्तार में आने वाली त्रिलोदकी गंगा के अस्तित्व को बचाने व प्रभावित किसानोंध्नागरिकों की भूमि एवं भवनों को बाढ़ एवं प्रदूषण से बचाने के श्री सरयू नगर विकास समिति संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद आरोप है कि तिलोदकी गंगा को बचाने के प्रयास में जिम्मेदार अधिकारी समिति की बातों पर नजरअंदाज कर रहे हैं।

इससे परेशान होकर समिति ने हाईकोर्ट का सहारा लिया है। सरकारो के साथ साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय प्राचीन काल से बह रही नदियों की स्थिति को बचाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा हैस वही अयोध्या में त्रिलोदकी गंगा सोहावल से निकलकर गंजा,हँासापुर,चांद पुर हरिवंश,पूरे हुसैन खां जनौरा देहात, रामपुर हलवारा,तिलैया होते हुए सरयू नदी में गिरती है। त्रिलोदकी गंगा में अमृत बटलर्सप्राइवेट लिमिटेड (कोको कोला) इलाहाबादध् प्रयागराज रोड़ एवं यश पेपर मिल अंबेडकरनगर रोड़ का जहरीला एवं प्रदूषित जल इसी त्रिलोदकी गंगा (बाहा) में छोड़ दिया जाता है,इसका विषैला पानी बाहर नहीं निकल पाता है इसी कारण संबधित गांवों के नागरिकों एवं पशुओं में अनेकों बीमारियां फैल रही है।

सरयू नगर विकास समिति के साथ आए किसान

–संबधित गांवों के किसानों ने सबसे पहले जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार से त्रिलोदकी गंगा को बचाने के साथ साथ किसानों को बाढ़ एवं प्रदूषण से बचाने के लिए बहुत लड़ाई लडी, लेकिन गरीब एवं असहाय किसानों एवं नागरिकों को जिला प्रशासन ने नहीं सुना,जब सरकार एवं शासन प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो संबधित गांवों के किसान एवं संभ्रांत नागरिकों ने सामाजिक संगठन श्री सरयू नगर विकास समिति का सहारा लिया है। त्रिलोदकी गंगा को बचाने के लिए समिति ने इन जिम्मेदारों को पत्र भेज अनुरोध किया। समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से समिति की बैठक बुलाकर चर्चा करने के बाद न्यायिक लड़ाई लड़ने का निर्णय लियास इसी क्रम में समिति ने समिति के पत्रांक संख्या 31ध्2022 दिनांक 23 मई 2022 एक पत्र जिलाधिकारी अयोध्या को संबोधित करते हुए तथा इसकी प्रतिलिपि,आवश्यक कार्रवाई एवं सूचनार्थ हेतु,अध्यक्ष नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भारत सरकार नई दिल्ली,व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ,व अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ,व,मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश,व,प्रमुख सचिव राजस्व,प्रमुख सचिव पर्यटन,प्रमुख सचिव राजकीय उड्डयन विभाग उत्तर प्रदेश,मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या,अधिशाषी अभियंता बाढ़ कार्य खंड अयोध्या,उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या,नगर आयुक्त अयोध्या को रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजा। आरोप है कि समिति के पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया। पत्र में कहा गया कि 15 दिनों के अंदर त्रिलोदकी गंगा (बाहा)की पैमाइश करवाकर उसकी सफाई का कार्य शुरू कर यथा शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करेस त्रिलोदकी गंगा ( बाहा) के अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई अविलंब करें, लेकिन जिला प्रशासन, नगर आयुक्त एवं उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अयोध्या द्वारा समिति के पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया।

## लव जेहाद के आरोप में बाप–बेटा गिरफ्तार

### धर्म परिवर्तन कराकर बहू बनाने की दी धमकी

गोसाईगंज–अयोध्या । लव जिहादियो को योगी सरकार का खौफ बिल्कुल नही है,आये दिन कंही कंही लव जिहाद का मामला सामने आ रहा है ।ताजा मामला गोसाईगंज कस्बे के तेलियागढ़ ठंडी सड़क का सामने आया है ।जिसमे एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू लडकी को अपने प्रेमजाल में फंसाकर लाखो की जेवर व एक लाख नगद लेकर फरार हो गया ।मामले में लड़की के पिता ने जब मुस्लिम युवक के परिजनों से शिकायत किया तो धर्म परिवर्तन कर बहू बनाने की धमकी दिया। धर्म परिवर्तन मामले को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मुख्य आरोपी सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना एसएसआई देवेंद्र नाथ राय को सौंपी और लड़की व आरोपी युवक की तलाश में जुट गई ।जिसे देर रात्रि मे बरामद कर लिया ।दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित पिता का आरोप है कि दिन के12बजे पड़ोसी मुस्लिम युवक मो0मेहताब पुत्र मो0वाहिद ने उसकी19वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर गायब कर दिया ।यही नही आरोपी लड़का मो0मेहताब ने सोने की चौन,चांदी का पायल,ब्रासलेट सहित एक लाख रुपये भी लूट लिया ।मामले की शिकायत लेकर जब वह युवक के परिजनों के पास गया तो युवक के पिता मो0वाहिद ओर भाई मो0आलम,मो0आफताब व मो0आजम ने मिलकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए चाकू छुरी से लेकर जान से मारने की धमकी दिया और कहाकि हम लड़की को धर्म परिवर्तन करवाकर अपनी बहू बनायेगे ।आरोपितों की धमकी से पीड़ित पिता सहित पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक पीड़ित पिता की शिकायत पर मो.वाहिद,मो. मेहताब,मो.आजम,मो.आफताब व मो. आलम के खिलाफ मु0अ0स0278ध्22ध् ारा 34, 504, 506, 392, 363, 366के तहत केस दर्जकर लड़की को देर रात्रि में बरामद कर लिया। बताया कि पुलिस ने पकरेला पेट्रोल पंप से दो आरोपियों मो. आफताब व मो. वाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इनके पास से 2जोड़ी पायल,14 विछिया,एक ब्रेसलेट चांदी का, 7चांदी की अंगूठी,1 सोने की कील व 2हजार रुपये नगद बरामद किया ।पकड़े गए आरोपी बाप बेटे है ।मुख्य आरोपी अभी भी फरार है,जिसकी तलाश में टीम लगी हुई है।

## सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया सीएम योगी का मंदिर

### –चाचा ने भतीजे पर लगाया आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

अयोध्या । सीएम योगी आदित्यनाथ का मंदिर बनवाने वाले प्रभाकर मौर्य पर उसी के सगे चाचा ने गंभीर आरोप लगाया है। चाचा रामनाथ मौर्य का कहना है कि उनके कब्जे की सरकारी बंजर भूमि पर कब्जा करने की नीयत से योगी का मंदिर बनवाया गया है। 21 सितंबर को मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मौर्य का पुरवा कल्याण भदरसा निवासी रामनाथ मौर्य ने आरोप लगाया है कि बड़े भाई जगन्नाथ और उनकी भूमि मुस्तरका है। आरोप है कि बड़े भाई के पुत्र प्रभाकर मौर्य द्वारा बटवारे के बाद भी उसका हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। जिसे लेकर कई बार विवाद की स्थिति हुई लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। आरोप है कि जिस भूमि पर योगी का मंदिर बनवाया गया है उस पर आम के तीन पेड़ और चार कोठ थे जिसे अकेले प्रभाकर मौर्य काट कर उठा ले गए। शिकायती पत्र में कहा गया है कि जिस भूमि पर पेड़ लगे थे वह ग्राम समाज की बंजर भूमि है। जिस पर मंदिर बनवा दिया गया है। इतना ही नहीं जिस जमीन पर शनिदेव की मूर्ति लगी है वह गाटा संख्या 41 बाग है जिसका रकबा 73 एयर है। जो उसका और भाई का आधा–आधा होता है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि कब्जा करने की नीयत से शनिदेव की मूर्ति लगवा दी गई। पीड़ित रामनाथ मौर्य ने पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। वहीं योगी का मंदिर बनवाने वाले प्रभाकर मौर्य ने चाचा के आरोपों को फर्जी बताते हुए दावा किया कि उन्होंने मन्दिर अपने पुश्तैनी खेत की जमीन पर बनवाया है। सोहावल तहसीलदार पवन कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत आती है तो जांच कराई जायेगी।

## हल्का लेखपाल पर अपात्रों को पट्टा देने का आरोप

- संपूर्ण समाधान दिवस में भीखपुर के ग्रामीणों ने प्रधान व हल्का लेखपाल के विरुद्ध की शिकायत
- थाना कोतवाली देहात के सामने प्रदर्शन कर मामले की जांच की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सदर विकास खंड के भीखपुर ग्राम पंचायत में अपात्रों को पट्टा देने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए हल्का लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस थाना कोतवाली देहात में एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवैध तरीके से 1 दर्जन से अधिक लोगों को पट्टा देने के मामले की जांच कराने एवं जिम्मेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मामला सदर विकास खंड के ग्राम पंचायत भीख पुर से जुड़ा हुआ है ग्रामीण अशर्फीलाल गुल्ले बरसाती शौकत मन्ना खैरुन्निसा देवता दिन रामाशीष धनराजी रामप्रसाद अनुराधा देवी आदि 2 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल देवेंद्र नाथ पाठक के विरुद्ध शिकायत किया है कि एक एक लाख रुपए लेकर लेकर पक्का मकान के स्वामी एवं नौकरी करने वालों को पट्टा देने का प्रयास कर रहे हैं हल्का लेखपाल पर यह भी आरोप लगाया है कि दूसरे ग्राम पंचायत के अपात्र लोगों को भी गांव के सड़क किनारे पट्टा देने के प्रयास में जुटे हुए हैं ग्रामीणों ने संपूर्ण थाना दिवस देहात कोतवाली में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम सदर से तत्काल अपात्र का पट्टा निरस्त करने एवं पात्रों को पट्टा देने की मांग की है प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास न रहने के लिए आवास है ना खेती करने के लिए जमीन है ऐसे में ग्राम प्रधान एवं हल्का लेखपाल पात्र को पटाना देकर पात्रों को सुविधा को लेकर नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए पट्टा देने के प्रयास में लगे हुए हैं ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल द्वारा किए जा रहे अवैध तरीके से पट्टा आवंटन को रोके जाने एवं पात्रों को पट्टा देने की मांग की है क्या कहते हैं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भीखपुर के प्रधान प्रतिनिधि देवमणि भारती का कहना है कि उन्होंने पट्टा के संबंध में कोई भी ग्रामसभा से प्रस्ताव हल्का लेखपाल को नहीं दिया है ना ही किसी अपात्र का पट्टा बनाया गया है गांव में पट्टा जब भी बनेगा तो पात्रों को ही दिया जाएगा। हल्का लेखपाल के बोल ग्राम पंचायत भीखपुर के लेखपाल रविंद्र नाथ पाठक का कहना है कि संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने जो भी आरोप लगाए हैं वह पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद है संबंधित ग्राम पंचायत में अभी कोई भी पट्टा संबंधी पत्रावली का कार्य नहीं किया गया है और ना ही ग्राम सभा ने पट्टा के संबंध में कोई प्रस्ताव दिया है। जिम्मेदार के बोल सदर उप जिलाधिकारी एवं संपूर्ण समाधान दिवस के प्रभारी राजेंद्र बहादुर की माने तो संपूर्ण समाधान दिवस में कुछ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भीखपुर में अपात्र लोगों को पट्टा आवंटन के संबंध में शिकायत की है जिसकी जांच कराई जाएगी अपात्र लोगों को किसी भी सूरत में पट्टा आवंटित नहीं किया जाएगा।



## घोष शिविर में शामिल होंगे सरसंघ चालक मोहन भागवत

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघ चालक मोहन भागवत घोष शिविर में शामिल होने के लिए शहर आएंगे। नवाबगंज स्थित पंडित दीन दलाय उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में यह आयोजन होना है। 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले घोष शिविर में भागवत हिस्सा लेंगे। यहां आरएसएस प्रमुख स्वयंसेवकों के साथ छोटी–छोटी बैठकों में देश के प्रति उनका दृष्टिकोण जानेंगे। आने वाले निकाय और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज से भागवत का कानपुर प्रवास महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्व संवाद केंद्र ने उनके कार्यक्रम की जानकारी दी है। साल के अंत में होने वाले निकाय चुनाव और लोकसभा 2024 के नजरिये से यह शिविर कुछ अलग ही मायने रखता है। घोष शिविर का आयोजन और सरसंघ चालक की उपस्थिति को इन्हीं अर्थो से देखा जा रहा है। इस शिविर में भाजपा संघठन और सरकार के शीर्ष जिम्मेदारों के शामिल होने की भी चर्चा है। इस शिविर में संघ के प्रान्त भर से स्वयंसेवक शामिल होंगे। जों यहां पर तय होने वाले मसौदे को पूरे प्रदेश तक ले जाने का कार्य करेंगे।

## अमित हत्याकांड : सीडीआर के जरिये पुलिस के करीबी तक पहुंचने की कवायद

कानपुर। ज्योति मिश्रा और अमित कुमार की एक ही परिस्थिति में संदिग्ध हालातों में मौत आत्महत्या है या हत्या पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन गई है। हालांकि अमित की मौत के बाद पुलिस मामले को हत्या के नजरिए से देख रही है और इसी आधार पर एसआईटी ने जांच शुरू की है। एसआईटी ने अब इस प्रकरण में अमित,ज्योति और विमल की निजी जिंदगी खंगालने का निर्णय किया है। पुलिस का अनुमान है कि हो सकता है कि इस कहानी में कोई और व्यक्ति भी हो,जो कि इन तीनों में से किसी एक का करीबी हो और उसी ने वारदातों को अंजाम दिया हो। एसआईटी पर्यवेक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ज्योति के मोबाइल की सीडीआर और उस समय अन्य लोगों की सीडीआर खंगाल रही है। सीडीआर से ही हो सकता है कुछ क्लू मिल जाए जिससे इस मामले की तह तक पहुंचने में मदद मिल सके।

## घर का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने,लूटपाट का लगाया आरोप

कानपुर। हनुमंत विहार क्षेत्र के संजय गांधी नगर निवासी महिला ने अधिवक्ता व उसके साथियों पर घर का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने और लूटपाट का आरोप लगाया है। घटना के वक्त महिला बहन के घर गई थी।

पड़ोसियों की सूचना पर घर पहुंची तो अधिवक्ता और उसके साथियों ने पीट दिया महिला ने एडीसीपी साउथ से न्याय की गुहार लगाई है। संजय गांधी नगर निवासी रंजना श्रीवास्तव, बेटी यशी व भाई अखिलेश के साथ झांसी निवासी बहन रजनी श्रीवास्तव के मकान में 20 साल से रहती है। जिसका कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। रंजना के मुताबिक,तीन दिन पहले पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता ने कहा कि उनका मकान 22 लाख रुपये में उसने खरीद लिया है। शाम वह भाई व बेटी के साथ विश्व बैंक निवासी बहन रेखा के घर गई थी। सुबह पड़ोसियों ने सूचना दी कि अधिवक्ता ने एक दर्जन साथियों के साथ ताला तोड़कर सामान फेंक दिया है। जब वह घर पहुंची तो कीमती सामान गायब था। विरोध पर अधिवक्ता ने साथियों के साथ पीट दिया। आरोप है स्थानीय थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर एडीसीपी अंकिता शर्मा से गुहार लगाई। एडीसीपी ने बताया कि हनुमंत विहार थाना को कार्रवाई करने को कहा है।

## रटायर बैंक कर्मी के घर लाखों की चोरी

कानपुर। गुजैनी क्षेत्र के तात्याटोपे नगर में मंगलवार रात रिटायर बैंक कर्मी के घर घुसे चोरों ने सवा लाख की नगदी और बीस लाख के जेवर पार कर दिए। सुबह नींद खुलने पर स्टोर रूम में रखी अलमारी पर नजर पड़ी तो सामान बिखरा देख होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध नजर आए हैं। तात्याटोपे नगर निवासी अशोक कुमार पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर हैं। बेटे रॉबिन सिंह की दो अक्तूबर को सगाई है। इसको लेकर घर पर तैयारी चल रही थी। अशोक ने बताया कि मंगलवार रात सभी लोगों ने साथ बैठकर खाना खाया और फिर करीब दस बजे सब अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह उठा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर बेटा रॉबिन ऊपर आया और कमरे का दरवाजा खोला। इसके बाद जब स्टोर रूम में नजर पड़ी तो देखा कि अलमारी खुली पड़ी थी और लॉकर में रखा 20 लाख का जेवर व सवा लाख रुपये गायब थे। रॉबिन ने तत्काल घटना की जानकारी 112 में दी। एसीपी गोविंद नगर विकास पांडेय ने बताया कि चोर छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए। सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## डेढ़ साल से आयकर अधिकारी के शव साथ रह रहा था परिवार,कोरोना काल में हुई थी मृत्यु

### घर पहुंचे विभागीय कर्मचारियों को कोमा में बताता रहा परिवार

कानपुर। कानपुर में रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। शहर में एक परिवार डेढ़ साल से आयकर अधिकारी के शव साथ रह रहा था। मामले की जानकारी तब हुई जब . विभाग के कर्मचारी उनके घर पहुंचे। परिवार उन्हें कोमा में बताता रहा। मगर,डॉक्टरों का कहना है कि उनकी मौत हो चुकी है। मौत कब हुई थी, इसकी सटीक टाइमिंग पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आएगी। फिलहाल,पुलिस परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही है। मामला रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोशन नगर के कृष्णपुरी का है। यहां विमलेश सोनकर अपनी पत्नी मिताली के साथ रहते थे। मिताली कोऑपरेटिव बैंक में जॉब करती हैं। विमलेश सोनकर अहमदाबाद इनकम टैक्स में एओ के पद पर कार्यरत थे। अप्रैल 2021 में कोरोना काल में मोती हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसका डेथ सर्टिफिकेट भी उनके परिजनों को दिया गया था। घर आने के बाद अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान अचानक मृतक की दिल की धड़कन आने की बात कहकर अंतिम संस्कार टाल दिया गया था। ये घटना जून 2021 की है। घर पर पत्नी को भी उनके जिंदा होने का विश्वास दिलाया गया था और परिवार वाले उनके शव पर रोजाना गंगाजल डालकर जिंदा होने का दावा करते रहे थे।

कर्मचारी पहुंचे तो वो मर चुके थे, परिवार ने कहा– कोमा में हैंः तब से लगभग डेढ़ साल हो रहे हैं। घर के अंदर एक पलंग पर लाश को लेटा रखा था। परिजन विमलेश को कोमा में होने की बात बता रहे थे। लेकिन जब कानपुर के सीएमओ ऑफिस में विमलेश के डिपार्टमेंट की ओर से जांच के लिए एक पत्र भेजा गया। तब पूरा मामला सामने आया।

पुलिस के अधिकारी के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम घर पहुंची,तो परिजनों ने शव ले जाने से मना कर दिया। घरवाले पुलिस से पत्नी की हालत ठीक नहीं होने की दुहाई देकर शव न ले जाने की बात कहते रहे। परिजन इस बात पर डटे रहे कि विमलेश अभी भी जीवित हैं। टीम ने उन्हें एलएलआर (हैलट) अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर्स ने विमलेश को मृत बताया। इसके बाद शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि,डेढ़ साल तक शव के साथ परिवार के लोग कैसे रहे? यह बात किसी को समझ में नहीं आ रही है।

डीएम को भेजा गया था लेटरः डेढ़ साल से विमलेश जॉब पर नहीं गए थे। ऐसे में आयकर विभाग ने डीएम कानपुर को लेटर भेज कर जानकारी मांगी थी। इस पर डीएम ने सीएमओ की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की थी।

## सात नवंबर तक करें स्नातक व शिक्षक मतदाता बनने को आवेदन

कानपुर। स्नातकधशिक्षक चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। कमिश्नर डॉ. राजशेखर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार उप्र विधान परिषद के खंड स्नातक तथा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का डी–नो प्रिपरेशन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। स्नातक के लिए फॉर्म–18 और शिक्षक के लिए फॉर्म–19 पर अपना आवेदन कर सात नवंबर तक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें। इससे चुनाव से पहले योग्य व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

# आत्मनिर्भर बनाने के लिए ओकल फॉर लोकल कार्यक्रम की शुरूआत:सांसद जगदम्बिका पाल




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ओकल फॉर लोकल के अन्तर्गत स्थानीय ओ0डी0आ0पी0 के अन्तर्गत चयनित उत्पाद एवं हस्त शिल्प द्वारा निर्मित प्रदर्शनी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा लोगो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ओकल फॉर लोकल कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है जिसके माध्यम से उद्यमी, स्वयं सहायता समूह की महिलायें व अन्य लोग अपने जनपद में उद्योग लगाकर प्रोडक्ट निर्माण करके, खेती करके, दुकान खोलकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते है। हमारे देश में अभी तक आयात अधिक होता था। हमे आयात न करके अपने देश में निर्मित सामान को ब्रांड बनाकर बाहर निर्यात करे। एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत काला नमक चावल का ईकामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से विदेशो में निर्यात किया जा रहा है। विभिन्न देशो में ई कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से निर्यात कर देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका होगी। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार करने के लिए ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अपने जनपद में कोई भी प्रोडक्ट बनाकर उसका निर्यात विदेशो तक करके अपने जनपद का नाम रोशन करे। जनपद में मछली का निर्यात सबसे अधिक हो रहा है। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा दोना व पत्तल व काला नमक की खेती के लिए लाभार्थियों को स्वीकृत ऋण का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, उपायुक्त उद्योग दयाशकर सरोज, ग्रामोद्योग निरीक्षक गंगाधर दूबे, ओ0डी0ओ0पी0 सलाहकार बस्ती मण्डल व अन्य उद्यमी उपस्थित थे।



## सांसद ने किया मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल ने कल होने वाले




पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम करके पुष्पांजलि करने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय का चित्र अपने कैंप कार्यालय पर मण्डल अध्यक्षों को वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, जिला महामंत्री कन्हैया पासवान जिला मंत्री अजय उपाध्याय, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, मण्डल अध्यक्ष उसका जगदीश जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष जोगिया महेंद्र लोधी, मण्डल अध्यक्ष नौगढ़ देहात शैलेंद्र वर्मा, नगर महामंत्री राजेश जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ल, निशांत पाण्डेय, रामदरस त्रिपाठी, राघवेंद्र वर्मा, अमरनाथ त्रिपाठी, ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थलों व धार्मिक स्थल की साफ सफाई की गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। इटवा तहसील के अन्तर्गत विस्कोहर



नगर पंचायत में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत साफ सफाई की गई। सेवा पखवाड़ा के तहत धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। सभी कर्मचारियों कार्यालय पर उपस्थित हुए। दौरान मुख्य बाजार, सार्वजानिक स्थल बस स्टैंड, शिवचरण पोखरा की साफ सफाई की। और दवा का छिड़काव किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया नगर पंचायत विस्कोहर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता के दिशा में सभी की जागरूकता जरूरी है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान लिपिक सुधीर कुमार, सचिन गुप्ता, कृपाशंकर, अजय, विशाल राजन व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अपना दल (एस) का बस्ती में सदस्यता अभियान की शुरुआत




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अपना दल (एस) पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व उ.प्र. सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल अध्यक्षता में मंडल व जनपद बस्ती अंतर्गत पं.अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई।



कार्यक्रम के शुरुआत में देश के महान समाजसेवी, गरीबों–दलितों के मसीहा व महान विचारक महापुरुषों व व्यक्तित्वों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष ने वहाँ उपस्थित सभी सम्मानित जनों के साथ संवाद संबोधन किया। वही सदस्यता ग्रहण करने की प्रक्रिया की शुरुआत भी इस दौरान हुई। ज्ञात हो कि पार्टी की सदस्यता ग्रहण अभियान की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्षा व भारत सरकार में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा 2 सितंबर को प्रतापगढ़ जिले से हुई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष पटेल का स्वागत कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया साथ ही चाँदी की कप–प्लेट उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान कर अपनी पार्टी की चिन्ह के प्रति आदर–सम्मान जताया। इस दौरान जनपद सिद्धार्थनगर के कई सम्मानित जनों को अपनी पार्टी की सदस्यता दिलाई। विधायक विनय वर्मा ने बताया की हमारी पार्टी की सर्वधर्म समानता व समाज कल्याणकारी नीतियों को अपनाकर पार्टी की मुख्यधारा से जुड़ने वाले आपसभी सम्मानित लोगों का हम हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।

## बांसी कोतवाली में त्योहारो को लेकर उपजिलाधिकारी ने किया बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। शारदीय नवरात्रि (दुर्गा पूजा) व दशहरा का पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को




बांसी कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार कीअध्यक्षता में आगामी त्योहार नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा को ध्यान में रखते हुए बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थाना कोतवाली क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियो, धर्म गुरुओं, मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्तियों, डी०जे० धारक उपस्थित रहे ।इस दौरान शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी ।विवाद को हल करने और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आपसी भाई चारा के साथ मनाए और कहा कि गांव में घटित होने वाली घटनाओ विवादों की सूचना तत्काल थाना स्थानीय पर दें। उन्होंने कहा कि त्योहार में किसी भी सम्प्रदाय को माहौल बिगाड़ने का कोई हक नही है ऐसे लोगो को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लोगो से सहयोग की अपेक्षा की ।इस दौरान एस आई आनंद कुमार, पप्पू गुप्ता, राजेश सोनी सहित कोतवाली क्षेत्र के तमाम संभ्रांत व धर्म गुरु उपस्थित रहे।

## बांसी ब्लाक परिसर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।जनपद सिद्धार्थ के बांसी ब्लाक परिसर के आजाद सभागार में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे





सेवा पंखवाडा के अंतर्गत दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल व विशिष्ट अतिथि विधायक जय प्रताप सिंह रहे कार्यक्रम में दिव्यांग महिला पुरुष वह बच्चों को सांसद व विधायक ने ट्राई साइकिल वितरित किया। सांसद जगदंबिका पाल ने बताया प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी के जयंती तक सेवा पंखवडा के रूप में मना रहे हैं सिद्धार्थ नगर के बांसी तहसील में हम लोग क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह के साथ सेवा पखवाडा कार्यक्रम में उपस्थित है द्विव्यांगो को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए व स्वावलंबी बनाने के लिए हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दे रहे हैं ।जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने द्विवांयगो के लिए बहुत सी योजनाए चलाई है जिसे दिव्यांगजन लोगों को नौकरी भी आसानी से मिल रही हैऔर आज पहली बार बैट्री युक्त इलेक्ट्रॉनिक साईकिल दी जा रही है जिससे ऐ लोग परिवार व समाज पर बोझ न बने बल्कि खुद अपने आप को सामाज में उपयोगी साबित कर सके इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार कुंवर, राजेंद्र पांडे, गौरीशंकर अग्रहरि, अजय कुमार श्रीवास्तव, विष्णु जयसवाल, किंकड मिश्रा, गौरीशंकर अग्रहरि, चंद्रिका मिश्रा, अनूप शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप चौरसिया सहित मुख्य रूप से दिव्यांग कल्याण अधिकारी एजाज उल हक सहित तमाम भाजपा नेता व दिव्यांग मौजूद रहे।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ब्लॉक कार्यकारणी जोगिया का हुआ पुनर्गठन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बीआरसी जोगिया के परिसर में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को मजबूत एवं सफल बनाने एवं जोगिया ब्लाक कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व प्रदेश संयुक्त मंत्री अटेवा जनार्दन शुक्ला ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ने सदैव संघर्षों किया है जिसका सकारात्मक परिणाम है की कई प्रदेशो में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल हुई है, पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगे की रणनीतियों को लेकर चर्चा की। इसके साथ साथ आश्वाशन भी दिया कि वह दिन जल्दी ही आएगा जब हम सब पुरानी पेंशन से आच्छादित होंगे। जिला अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने संगठन की मजबूती के लिए जोगिया ब्लाक के सभी शिक्षक कर्मचारी साथियों को अटेवा के साथ मिलकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी जोगिया का पुनर्गठन किया गया, जिसमें उत्कर्ष श्रीवास्तव को ब्लाक अध्यक्ष, लाल जी पाण्डेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष पाण्डेय ब्लॉक महामंत्री, अनंतदीप यादव ब्लॉक कोषाध्याक्ष, विजय कुमार, अब्दुर्रहमान, पवन कुमार जायसवाल, रवि शंकर यादव, शिव कुमार मिश्र को उपाध्यक्ष, अभिषेक त्रिपाठी को संगठन मंत्री, चौधरी घनश्याम को प्रवक्ता, मनोज यादव को संयुक्त मंत्री, अरुण कुमार, अभिनेष कुमार, जितेन्द्र कुमार चौधरी, नरेन्द्र कुमार को सह संगठन मंत्री, नदीम अहमद को व्यस्थापक पदों पर मनोनीत किया गया। महिला संवर्ग में समीक्षा त्रिपाठी को ब्लाक अध्यक्ष, राजबाला सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरिता पाण्डेय को महामंत्री, हिमांशी शुक्ला, अंजली गुप्ता को उपाध्यक्ष, निधि त्रिपाठी, लक्ष्मी सिंह और सोनाली को सह संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी, प्रदेश आईटी सेल सह प्रभारी वीरेंद्र कुमार, महामंत्री संजय कर पाठक जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चौधरी, जिला प्रवक्ता आनंद कुमार शुक्ला, संगठन मंत्री दधीचि कुमार, जिला मंत्री शोभनाथ गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी जिला संयोजिका कल्पना और जिला सोशल मीडिया प्रभारी विष्णु त्रिपाठी व मनीष कुमार दूबे ब्लॉक अध्यक्ष मिठवल, पंकज कुमार द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह, सोनाली श्यामसुंदर मल्ल, दुर्गेश, अरुण लाल श्रीवास्तव, सोमनाथ पाण्डेय, जगदेव, रविशंकर मिश्र, सोमनाथ, रामचंद्र, रामप्रताप शर्मा, राम सेवक साहनी, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रामअचल, जय प्रकाश यादव, मनोज यादव सहित कई शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।



## तहसीलदार के उपस्थिति में 30 लाख की हुईं नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के अंतर्गत पड़ने



वाले विभिन्न सार्वजनिक पोखरे, गड़ही, ताल की नीलामी कर नगर पंचायत की आय लगभग 30 लाख बढ़ाई गई। विभिन्न सार्वजनिक पोखरे, गड़ही, ताल की नीलामी के लिए के लिए सूचना निकाली गई थी। नीलामी अधिकारीध्तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन ने कड़ी सुरक्षा के बीच नगर पंचायत के सभाकक्ष में सोलह तालाबो, पोखरों, गड़हा की नीलामी कर सर्वाधिक बोली बोलने वाले के पक्ष में की है। इस अवसर पर इओ जितेन्द्र सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव, क्षेत्रीय लेखपाल रामकरन गुप्ता, अशोक गुप्ता, नगर पंचायत के रवि शंकर गुप्ता, कृष्णा, कन्हैया, मोहित, सभासद अयोध्या साहू, सूरज मोदनवाल, राधेश्याम, शैलेन्द्र शर्मा, सुजीत अग्रहरि, मनोज आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**एक तो उप–कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार उप–राज्यपाल से छीन लिया गया है और दूसरा लोकपाल के भ्रष्टाचार–विरोधी अधिकारों को कमजोर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है लेकिन क्या वे यह नहीं जानते कि राज्यपाल के हस्ताक्षर के बिना वे दोनों विधेयक कानून...**

# आरिफ से विजयन टक्कर न लें



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को एक पत्रकार–परिषद बुलानी पड़ी। क्या आपने कभी सुना है कि किसी राज्यपाल ने कभी पत्रकार–परिषद आयोजित की है? राज्यपाल को पत्रकार–परिषद आयोजित करनी पड़ी है, यही तथ्य यह सिद्ध कर रहा है कि उस प्रदेश की सरकार कोई ऐसा काम कर रही है, जो आपत्तिजनक है और जिसका पता उस प्रदेश की जनता को चलना चाहिए। केरल की सरकार कौन–कौन से काम करने पर अड़ी हुई है। उसका पहला काम तो यही है कि वह अपने विश्वविद्यालयों में अपने मनपसंद के उप–कुलपति नियुक्त करने पर आमादा है। मुख्यमंत्री के साथ काम कर रहे एक भारी–भरकम नौकरशाह की पत्नी को चयन–समिति ने एक विश्वविद्यालय का उप–कुलपति चयन कर लिया। चार अन्य उम्मीदवार, जो उससे भी अधिक योग्य और अनुभवी थे, उन्हें रद्द करके इंटरव्यू में उस महिला को पहला स्थान दे दिया गया। इसी प्रकार कई अन्य विश्वविद्यालयों में उप–कुलपति पद के उम्मीदवारों की योग्यता के मानदंडों में सबसे बड़ा मानदंड यह माना जाता है कि वह सत्तारुढ़ पार्टी, माकपा, के कितना नजदीक है। इसके अलावा पार्टी–कामरेडों को नौकरशाही में भरवाया जा रहा है। उन्हें मंत्रियों और अफसरों का पीए या ओएसडी आदि बनाकर नियुक्ति दे दी जाती है ताकि दो साल की नौकरी के बाद वे जीवन भर पेंशन पाते रहें। पार्टी–कामरेडों को अपराधों की सजा न मिले, इसलिए उन्हें सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर भी बिठाया जा रहा है। जैसे मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने के.के. रागेश को अपने निजी स्टाफ में नियुक्ति दे दी है ताकि पुलिस उसे गिरफ्तार न कर सके। इस व्यक्ति ने 2019 में कन्नूर में आयोजित हिस्ट्री कांग्रेस के अधिवेशन में राज्यपाल आरिफ खान के विरुद्ध अत्यंत आपत्तिजनक व्यवहार किया था। उस अधिवेशन में राज्यपाल के भाषण में हंगामा मचाने वालों और उनके सुरक्षाकर्मियों के साथ मार–पीट करने वाले दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। राज्यपाल को पूर्णरूपेण शक्तिहीन बनाने के लिए केरल विधानसभा में दो विधेयक भी पारित कर लिए गए हैं। एक तो उप–कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार उप–राज्यपाल से छीन लिया गया है और दूसरा लोकपाल के भ्रष्टाचार–विरोधी अधिकारों को कमजोर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है लेकिन क्या वे यह नहीं जानते कि राज्यपाल के हस्ताक्षर के बिना वे दोनों विधेयक कानून नहीं बन सकते। उन्हें पता होना चाहिए कि राज्यपालों को अपनी प्रांतीय सरकारों पर जितने अधिकार प्राप्त हैं, उतने राष्ट्रपति को अपनी केंद्र सरकार पर भी नहीं हैं। आरिफ खान को डराना आसान नहीं है। जो व्यक्ति प्रधानमंत्री राजीव गांधी को टक्कर दे सकता है, वह क्या किसी मुख्यमंत्री से डर जाएगा?

# लालू, नीतीश से कांग्रेस को उम्मीद

विपक्षी एकता में कांग्रेस की निश्चित रूप से एक भूमिका रहेगी। इसलिए



जयराम रमेश को बार बार यह कहने की जरूरत नहीं है कि कांग्रेस के बगैर विपक्षी एकता नहीं होगी या भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस इतनी मजबूत हो जाएगी कि कोई उसकी अनदेखी नहीं कर पाएगी। इन बातों का कोई मतलब इसलिए नहीं है कि ज्यादातर राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों का कांग्रेस के साथ कोई टकराव नहीं है। जहां टकराव है वहां कांग्रेस कितनी भी मजबूत हो जाए, तालमेल मुश्किल होगा। सो, जब समय आएगा तब विपक्ष की एकता बनेगी और उसमें कांग्रेस की भी भूमिका होगा। इस काम में कांग्रेस को सबसे बड़ी मदद बिहार के नेताओं से मिलेगा। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार इस काम में कांग्रेस के लिए सबसे मददगार होंगे। लालू प्रसाद ने पटना में कहा है कि वे और नीतीश एक साथ मिल कर सोनिया गांधी के पास जाएंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद से नीतीश का सोनिया और राहुल से मिलना बाकी है। तेजस्वी यादव दिल्ली में सोनिया गांधी से मिल चुके हैं। नीतीश कुमार पिछले दिनों कई दिन दिल्ली में थे और विपक्षी नेताओं से मिले लेकिन तब सोनिया गांधी विदेश में थीं। इसलिए मुलाकात नहीं हो पाई। तब नीतीश ने कहा था कि सोनिया गांधी के विदेश से लौटने के बाद वे उनसे मिलेंगे। बहरहाल, लालू प्रसाद और नीतीश कुमार जब भी मिलें, उससे फर्क नहीं पडना है। ये दोनों नेता विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस के लिए जगह बनवाएंगे। बिहार और झारखंड में तो खैर कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा है ही बाकी राज्यों में भी लालू और नीतीश ऐसा प्रयास करेंगे। समाजवादी खेमे में कांग्रेस को शामिल कराने में इन दोनों की भूमिका हो सकती है। सबसे दिलचस्प मामला उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और हरियाणा का है। अखिलेश यादव, एचडी कुमारस्वामी, के चंद्रशेखर राव और ओमप्रकाश चौटाला के साथ कांग्रेस का सद्भाव बनाने का काम लालू प्रसाद और नीतीश कुमार कर सकते हैं। इससे चुनावी संभावना पर बड़ा असर होगा।

# नफरत रोकने की कोशिश

**अगर सत्ता के लिए नफरत का माहौल मुनासिब है, तो फिर मीडिया घराने इस माहौल को ही बनाने का काम करेंगे। इस काम में कभी–कभी नफरत का अतिरेक भी दिख जाता है, तो सवाल उठते हैं कि अब पत्रकारिता के मूल्य कहां खो गए हैं। लेकिन नफरत कम हो या अधिक, टीवी पर चिल्ला कर फैलाई जाए, या दबी जुबान से झूठ बोलकर या फिर सोशल मीडिया की ट्रोल सेना के जरिए फैलाई जाए...**

देश में नफरत फैलाने की सतत कोशिशों के कारण जो दरार समाज में दिखने लगी है, उसे भरने के लिए और भारत को नए सिरे से एकता के सूत्र में बांधने का इरादा लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस वक्त भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। फिलहाल यात्रा केरल में है और इसे जिस तरह का जनसमर्थन मिल रहा है, उससे पता चलता है कि देश के युवा, बूढ़े, बच्चे सभी भारत को मजबूती से जोड़ने के विचार से उत्साहित हैं। मुख्यधारा के मीडिया में इस यात्रा के बारे में जानकारियां तो दी जा रही हैं, लेकिन उसके साथ कांग्रेस के भीतर चल रही खटपट, या कांग्रेस कहां कमजोर पड़ रही है, ऐसी खबरें अधिक प्रमुखता से दिखाई जा रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा में भले रोजाना हजारों लोग स्वतरूस्फूर्त तरीके से जुड़ रहे हों, लेकिन बड़े–बड़े समाचार प्रस्तोताओं यानी एंकर्स के लिए उनके बारे में बात करना जरूरी न समझ कर चीतों की बात करना उचित समझ रहे हैं। यहां पसंद अपनी–अपनी, ख्याल अपना–अपना वाला सिद्धांत लागू नहीं होता है, बल्कि सवाल प्राथमिकता का है। अगर भाजपा के छोटे से छोटे अभियान को दिन–रात को दिखाया जा सकता है, तो फिर कांग्रेस के नेतृत्व में निकल रहे एक जरूरी अभियान को उपेक्षित क्यों किया जा रहा है। जाहिर है मुख्यधारा के मीडिया का एजेंडा यह है कि किसी भी तरह कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले कमतर साबित करके बताया जाए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने इस यात्रा के बारे में देशबन्धु से चर्चा के दौरान पहली टिप्पणी यही की कि टीवी पर जो भारत दिखाया जाता है और जिस तरह के मुद्दों पर बहसें की जाती हैं, वह असली भारत नहीं है, ये 15 दिन की यात्रा में समझ आ गया है। श्री खेड़ा के इस बयान से पता चलता है कि देश की असलियत से चौनलों के जरिए परिचित नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि वहां सब कुछ प्रायोजित है, ब्रेकिंग न्यूज से लेकर परिचर्चाओं तक। खबरों के इस प्रायोजित चलन से पत्रकारिता का नुकसान तो हुआ ही है, देश के ताने–बाने को भी गहरी चोट मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने हालिया टिप्पणी में पूछा भी है कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ बुधवार को 11 रिट याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई कर रही थी, जिसमें हेट स्पीच को नियंत्रित करने के निर्देश देने की मांग की गई है। बैच में सुदर्शन न्यूज टीवी द्वारा प्रसारित श्यूपीएससी जिहादश शो के खिलाफ दायर याचिकाएं, धर्म संसद की बैठकों में दिए गए भाषण, और सोशल मीडिया संदेशों के नियमन की मांग करने वाली याचिकाएं हैं, जो कोविड महामारी को सांप्रदायिक बना रहे थे। इसी दौरान देश की शीर्ष अदालत ने मौखिक सवाल किया कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। अदालत ने भारत सरकार से भी सवाल किया है कि श्जब यह सब हो रहा है तो यह एक मूक गवाह के रूप में क्यों खड़ी है। जस्टिस जोसेफ ने सुझाव दिया कि सरकार को एक ऐसी संस्था बनाने के लिए आगे आना चाहिए जिसका पालन सभी करेंगे। इसके अलावा उन्होंने एंकर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जैसे ही आप किसी को हेट स्पीच में जाते हुए देखते हैं, यह एंकर का कर्तव्य है कि वह तुरंत देखें कि वह उस व्यक्ति को आगे कुछ भी कहने के लिए अनुमति ना दे। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नफरती बातों के प्रसार को रोकने के लिए की गई इस पहल से एक दिन पहले ही केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशिया–पैसिफिक इंस्टिट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट द्वारा आयोजित एआईबीडी जनरल कॉन्फ्रेंस 2022 में कहा था कि मुख्यधारा की मीडिया को सबसे ज्यादा खतरा ऑनलाइन मीडिया से नहीं बल्कि खुद न्यूज चौनलों से है। उन्होंने टीवी चौनलों के लिए कहा था कि यदि आप ऐसे मेहमानों को चौनलों पर आमंत्रित करेंगे जो ध्रुवीकरण कर रहे हैं, जो झूठी खबरें फैलाते हैं, और जो जोर–जोर से चिल्लाते हैं, तो इससे आपके चौनल की विश्वसनीयता कम हो जाती है। अदालत के निर्देश और केन्द्रीय मंत्री की चिंताओं को देखकर उम्मीद बंधती है कि पत्रकारिता के पेशे पर जो कालिख पिछले सात–आठ सालों में गहराई है, वह थोड़ी कम हो सकती है। लेकिन हकीकत ये भी है कि मीडिया के लिए सरोकारों को व्यक्त करने में काफी देरी हो गई है। जैसे छोटे से घाव को नजरंदाज किया जाए, तो वह नासूर बन जाता है, इस वक्त मुख्यधारा के मीडिया का बड़ा वर्ग समाज के लिए ऐसा ही नासूर बन गया है। मंत्री महोदय की चिंता है कि चौनल ध्रुवीकरण करने वाले मेहमानों को बुलाएंगे तो उनकी विश्वसनीयता कम होगी और अदालत की चिंता है कि एंकर हेट स्पीच करने वालों को रोकने के लिए तत्पर क्यों नहीं हैं। लेकिन इन दोनों चिंताओं की असली जड़ जहां है, वहां तक क्या सरकार और अदालत की टिप्पणियां पहुंच पाएंगी। मीडिया मिशन नहीं मुनाफे वाले कारोबार की तरह चलाया जाता है, जिसमें बड़े पैमाने पर कार्पोरेट पूंजी लगी होती है। देश के अधिकतर मीडिया घराने कार्पोरेट के नियंत्रण में हैं और जो नहीं हैं, पूंजी छल–बल से उन पर मालिकाना कब्जे की कोशिश कर रही है। मीडिया के जरिए पूंजी बढ़ाने का चक्र सत्ता की धुरी के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए इस खेल में सब एक–दूसरे के साथी हैं। अगर सत्ता के लिए नफरत का माहौल मुनासिब है, तो फिर मीडिया घराने इस माहौल को ही बनाने का काम करेंगे। इस काम में कभी–कभी नफरत का अतिरेक भी दिख जाता है, तो सवाल उठते हैं कि अब पत्रकारिता के मूल्य कहां खो गए हैं। लेकिन नफरत कम हो या अधिक, टीवी पर चिल्ला कर फैलाई जाए, या दबी जुबान से झूठ बोलकर या फिर सोशल मीडिया की ट्रोल सेना के जरिए फैलाई जाए, नफरत हर सूरत में समाज के लिए खतरनाक ही होती है। अच्छा है कि अब इस नफरत को रोकने के लिए अलग–अलग मोर्चों पर कोशिश हो रही है। इससे समाज का बचा–खुचा हिस्सा टूटने से बच जाएगा।

# चंदे का हिसाब तो होना चाहिए

**अगर वह समग्रता से नहीं विचार कर सकती है तो उसे 20 हजार रुपए नकद चंदे की बजाय इलेक्टोरल बांड से मिलने वाले बड़े चंदे की जांच पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उसमें पारदर्शिता और बराबरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। उसे विदेशी चंदे के मामले में दखल देना चाहिए और उसकी जांच करनी चाहिए। नकद चंदे के मामले में आयोग ने जो पहल की है उसका निशाना...**

अजीत द्विवेदी

चुनाव आयोग के इस प्रस्ताव का स्वागत किया जाना चाहिए कि पार्टियों को मिलने वाले नकद चंदे की सीमा तय की जाए लेकिन साथ ही यह उम्मीद भी की जानी चाहिए कि वह पार्टियों को हर तरह से मिलने वाले चंदे का हिसाब रखे और यह सुनिश्चित करे कि सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दलों के बीच गैर बराबरी की स्थिति न बने। चुनाव आयोग को चुनिंदा प्रस्ताव नहीं भेजना चाहिए और न चुनिंदा तरीके से बरताव करना चाहिए। वह पार्टियों को मिलने वाले 20 हजार रुपए के नकद चंदे को लेकर तो चिंतित है लेकिन इलेक्टोरल बांड के जरिए सैकड़ों करोड़ रुपए के चंदे का लेन–देन ऐसे गोपनीय तरीके से हो रहा है कि किसी को पता ही नहीं चल रहा है किसने, किसको, कितना चंदा दिया, उसके बारे में आंख बंद किए हुए है। चुनाव आयोग को यह चिंता है कि पार्टियों को नकद चंदे की सीमा 20 करोड़ रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए लेकिन विदेश से मिलने वाले चंदे की कोई जांच नहीं होगी तो इससे उसको कोई चिंता नहीं है। यह दोहरा रवैया लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। चुनाव आयोग को राजनीतिक चंदे के मामले में समग्रता से विचार करना चाहिए। चुनाव आयोग ने सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है कि पार्टियों को मिलने वाले नकद चंदे की सीमा 20 हजार रुपए से घटा कर दो हजार रुपए की जाए। यानी जो गुमनाम चंदा होता है वह प्रति व्यक्ति दो हजार से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस तरह के अधिकतम चंदे की सीमा भी तय की जाए। आयोग के प्रस्ताव के मुताबिक वह सीमा कुल चंदे के 20 फीसदी या 20 करोड़ रुपए नकद में से जो कम हो उसके बराबर होनी चाहिए। इसका मतलब है कि व्यावहारिक तौर पर आयोग ने नकद चंदे की सीमा 20 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव दिया है। सवाल है कि इतना भी क्यों होना चाहिए? क्यों नहीं सारा चंदा चेक से या डिजिटल तरीके से लेने का कानून बने और क्यों नहीं राजनीतिक दलों के चंदे को आय कर के दायरे में लाया जाए? क्यों नहीं पार्टियों को मिलने वाले हर पैसे का हिसाब हो और उस पर टैक्स लगाया जाए? आखिर पार्टियां कोई देश और समाज की सेवा तो कर नहीं रही हैं? वे जनता से चंदे के रूप में मिले टैक्स फ्री पैसे से चुनाव लड़ती हैं और जीतने के बाद उनको जनता के टैक्स के पैसे से मोटा वेत्तन और भत्ता मिलता है। तो फिर उनके चंदे को टैक्स फ्री क्यों रहना चाहिए? भारत में हमेशा से यह नियम रहा है कि जो सरकार में होता है उसे ज्यादा चंदा मिलता है। क्या यह अपने आप में श्क्विड प्रो कोश् यानी मिलीभगत का सबूत नहीं है? क्या इससे यह प्रमाणित नहीं होता है कि सरकारी पार्टी को व्यक्तिगत या सांस्थायिक या कॉरपोरेट चंदा इसलिए ज्यादा मिलता है कि वह चंदा देने वालों की किसी तरह से मदद कर सकती है? यह तो दो जमा दो की तरह का आसान हिसाब है। इसके बावजूद चुनाव आयोग ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया। पहले से भी ऐसा होता था कि सरकार में रहने वालों को ज्यादा चंदा मिलता था लेकिन तब विपक्षी पार्टियों को भी कुछ चंदा मिल जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब लगभग समूचा चंदा सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा को जाता है। इस बात को प्रमाणित करने के लिए हर साल का आंकड़ा देने की जरूरत नहीं है। सिर्फ एक या दो साल के आंकड़ों से पता चल जाएगा। कोरोना वायरस जब चरम पर था, तब यानी वित्त वर्ष 2020–21 में भाजपा को 477 करोड़ रुपए का चंदा मिला था, जो कुल चंदे का 80 फीसदी था। उस समय सभी पार्टियों को मिला कर बड़े चंदे यानी नकद दिए जाने वाले चंदे के अलावा जो बड़ा चंदा होता वह 593 करोड़ का था, जिसमें से 80 फीसदी अकेले भाजपा को मिला था। देश की बाकी तमाम बड़ी पार्टियों को मिल कर जितना चंदा मिला उससे चार गुना अकेले भाजपा को मिला। चुनाव आयोग को क्या इस बारे में नहीं सोचना चाहिए? इसके बाद आते हैं इलेक्टोरल बांड के मामले में। केंद्र की सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी की सरकार ने इलेक्टोरल बांड का एक सिस्टम शुरू किया। साल में चार बार इलेक्टोरल बांड जारी होते हैं और उन्हें कोई भी खरीद सकता है और खरीद कर उसे राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में दे सकता है। इस कानून के मुताबिक किसी को पता नहीं चलेगा कि इलेक्टोरल बांड किसने खरीदा। इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। इससे राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। यह झूठा प्रचार है कि बांड खरीदने वाली कंपनियां अपने बही–खाते में इसे दर्ज करेंगी। वह बही–खाता जनता के सामने नहीं आता है। इसलिए किसी को पता नहीं चलता है कि किस कॉरपोरेट घराने या कंपनी या व्यक्ति ने इलेक्टोरल बांड से किसको कितना चंदा दिया। इसी आधार पर चुनाव आयोग ने इसका विरोध किया था और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इसका विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट में इसके विरोध में बरसों से एक याचिका लंबित है, जिस पर अब सुनवाई होनी है। उस याचिका में यह भी आशंका जताई गई है कि इससे काले धन को बढ़ावा मिलेगा। यह एक तथ्य नोट रखने लायक है कि इलेक्टोरल बांड से चंदे की शुरुआत होने के बाद पहले साल में इसके जरिए 95 फीसदी चंदा भाजपा को मिला था। इलेक्टोरल बांड से यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी कॉरपोरेट विपक्षी पार्टियों को चंदा न दे क्योंकि और किसी को पता हो या न हो कि बांड किसने खरीदा, सरकार को इसकी जानकारी रहती है।

इसके बाद तीसरा मामला विदेशी चंदे का है। दिल्ली हाई कोर्ट ने विदेशी चंदे के मामले में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों को एफसीआरए के उल्लंघन का दोषी माना था। लेकिन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2018 में पार्टियों को मिलने वाले विदेशी चंदे के कानून में ही बदलाव कर दिया, जिससे 1976 के बाद से पार्टियों को मिले विदेशी चंदे को जांच से बाहर कर दिया गया। इसमें कांग्रेस ने भी भाजपा का साथ दिया। सोचें, देश के तमाम गैर सरकारी संगठनों के विदेशी चंदे की जांच हो रही है और एफसीआरए लाइसेंस रद्द किया जा रहा है लेकिन पार्टियों को उसके दायरे से बाहर कर दिया गया! सो, चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे के मामले में समग्रता से विचार करना चाहिए। अगर वह समग्रता से नहीं विचार कर सकती है तो उसे 20 हजार रुपए नकद चंदे की बजाय इलेक्टोरल बांड से मिलने वाले बड़े चंदे की जांच पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उसमें पारदर्शिता और बराबरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। उसे विदेशी चंदे के मामले में दखल देना चाहिए और उसकी जांच करनी चाहिए। नकद चंदे के मामले में आयोग ने जो पहल की है उसका निशाना सिर्फ छोटी और विपक्षी पार्टियां बनेंगी। उनकी भी जांच होनी चाहिए लेकिन उनसे ज्यादा जरूरी है कि बड़ी और सत्तारूढ़ पार्टियों की जांच हो।



# गौ कथा में तीसरे दिन मनाया गया सुरभि प्राकट्योत्सव

महोली देहात (सीतापुर)। महोली क्षेत्र में चल रही केसरिया हिन्दू वाहिनी गौरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महोत्सव के तीसरे दिन बड़े ही धूमधाम से गौमाता का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के तीसरे दिन गौमाता की महिमा का बखान स्कंद पुराण और पाराशर स्तुति से करते हुए कथाव्यास आचार्य पवनेश जी महाराज ने बताया कि देशी गाय के अंदर 33 कोटि देवताओं का व्यास है। उनकी महत्ता का क्या महत्व है। लक्ष्मी और गंगा का स्थान गौमूत्र और गोबर में है। लक्ष्मी का घमंड किस प्रकार टूटा और गौमाता ने उन्हें अपने शरीर में कहां स्थान दिया। संगठन कि उपयोगिता क्या होती है और समाज को जोडने का कार्य आज के युग मे सिर्फ गौमाता ही कर सकती है। वो किसी को दूध, दही, मक्खन को देने का कार्य करने में किसी की जाति धर्म नहीं पूछता। महोली के आम जनमानस से मधुर भजनों जय गौ माता जय गोपाला तथा मंत्रमुग्ध होकर गौमाता का जन्मोत्सव मनाया। जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। आज की कथा में मुख्य रूप से संस्थापक अतुल मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संचालक घनश्याम बाबा, कुलदीप बाजपेई मंडल अध्यक्ष लखनऊ, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशीष बाजपेई, विधानसभा अध्यक्ष एवं आचार्य प्रफुल्ल त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष शुभम तिवारी, नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रेम शंकर तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष सचिन, ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, जिला प्रवक्ता लखनऊ अमन त्रिवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

# रेप की शिकार मूक बधिर नाबालिग किशोरी हुई गर्भवती,अब पुलिस एक्शन में

हरदोई। इंसानियत को झकझोर देने वाला एक ऐसा मामला सामने आया है कि जिसे सुन कर शर्मिन्दगी आने लगेगी। दरिंदें किस्म के युवक ने 15 साल की एक मूक–बधिर किशोरी को अकेला पा कर उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। शिकायत पुलिस के कानों तक पहुंची,लेकिन उसने कोई एक्शन नहीं लिया। किशोरी जब गर्भवती हुई तो दरिंदगी की इस दास्तां का खुलासा हुआ है। एसपी तक बात पहुंची तो पुलिस को अपना फर्ज याद आया और उसने दरिंदें युवक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

बताया गया है कि शाहाबाद कोतवाली के एक गांव में 15 साल की मूक–बधिर किशोरी घर में अकेली रहती थी। उसका बाप आंझी–शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर मजदूरी करता है। वह अपनी मूक–बधिर बेटी को अकेला छोड़ कर काम पर चला जाता था। इसी बीच कुलदीप नाम के दरिंदे की उस पर गंदी नजर पड़ गई। कुलदीप ने उस किशोरी को घर में अकेला पा कर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। उसका बाप जब घर वापस लौटा, उसने किशोरी की हालत देखी और अपनी शिकायत ले कर आंझी पुलिस चौकी पहुंचा। जहां उसने अपनी बात कही, लेकिन पुलिस ने उसकी बात तो सुन ली, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया। मिली जानकारी के अनुसार, इसके कुछ महीने बाद जब उस किशोरी की बड़ी बहन आई और अपनी मूक–बधिर छोटी बहन की हालत देखी। उसे कुछ शक हुआ तो उसने डाक्टर से राय ली। डाक्टर ने बताया कि किशोरी 7 महीने की गर्भवती है।

परिजनों की मानें उसने जब अपनी बहन से पूछा तो उसने इशारों में बताया कि उसके साथ कुलदीप ने घिनौना खेल खेला था। इसके बाद उस किशोरी का बाप एसपी राजेश द्विवेदी को अपनी फरियाद सुनाने पहुंचा। इस बारे में एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी युवक जो कि फरार बताया गया है,की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# कंपोजिट विद्यालय में सम्मान समारोह का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। देवा स्थानीय कंपोजिट विद्यालय वातियामऊ में मीना का जन्म उत्सव एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन मीना नोडल एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापक कविता वर्मा की देखरेख में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय विशिष्ट अतिथि डॉ हिमांशु मोहन सेवानिवृत्त उप शिक्षा निदेशक ऐनसीईआरटी जिला समन्वयक मध्यान भोजन डॉक्टर पीयूष कुमार श्रीवास्तव महिला थाना अध्यक्ष आशा शुक्ला खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण उपस्थित रहे सर्वप्रथम विद्यालय की गाइड कंपनी जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया तत्पश्चात सभी अतिथियों ने ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कविता वर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मीना के जन्म उत्सव की संक्षिप्त आख्या सहित इस आयोजन के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम में मीना जन्मोत्सव डांस बेटी हूं मैं बेटी, हम भी अगर बच्चे होते जैसे मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित महिला थाना अध्यक्ष आशा शुक्ला ने बालिका शिक्षा बालिका सुरक्षा बालिका स्वास्थ्य पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज महिलाएं किसी मामले में पुरुषों से पीछे नहीं हैं और हम सबको बालक बालिका में अंतर नहीं करना चाहिए खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण ने भी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया और मीना जन्मोत्सव कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं दी तत्पश्चात मीना गर्ल के द्वारा केक काटा गया और सभी ने सामूहिक रूप से मीना को जन्म दिवस की बधाइयां दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा बेसिक शिक्षा परिषद में मीना का जन्म उत्सव प्रत्येक वर्ष समारोह पूर्वक आयोजित किया जाता है मीना जो बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए बालिकाओं की ड्रॉपआउट संख्या को कम करने के लिए यूनिसेफ की बहुत अच्छी पहल है जिसको बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया जाता है और आज इस भव्य आयोजन ने बाराबंकी जनपद में बालिका शिक्षा को बढ़ाने का संकल्प दोहराया है और सभी अभिभावकों से अपील किया किस शासन द्वारा दिए जा रहे हैं निर्देशों का अनुपालन करते हुए बच्चों को शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन से जोड़कर बच्चों को निपुण बनाकर अपना बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाए इसके पश्चात विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया अंत में समस्त सम्मानित अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट की गई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मीना के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया और विद्यालय को तथा मीना को वृक्ष की देखभाल की भी जिम्मेदारी सौंपी संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर अब्दुल अजीज सिद्दीकी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंट मीडिया एवं जर्नलिस्ट एसोसिएशन सचिवालय से आए हुए अतुल गुप्ता जिला गाइड कैप्टन रितु अग्निहोत्री एसआरजी पद्मजा त्रिपाठी ए आर पी कमलेश वर्मा जितेंद्र यादव शरद गुप्ता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह ब्लॉक गाइड कैप्टन अंजना मिश्रा मोनी मिश्रा ,दीपमाला श्रीवास्तव कंचन गुप्ता रुचि सीमा तरुण विश्वास सोनम पटेल विनय कुशवाहा नीतू वर्मा रश्मि वर्मा विभा प्रकाश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



फोटो 18

# खुशहालपुर में कलाकार राजू श्रीवास्तव को किया याद

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। अवधी अध्ययन केन्द्र उत्तर प्रदेश व अवध भारती संस्थान द्वारा हास्य–कलाकार राजू श्रीवास्तव को याद किया गया। सभी ने अपने मोबाइल में राजू श्रीवास्तव की फोटो लोड की और खड़े होकर नमन किया। शनिवार को सहयोगी आरबी पीजी कालेज खुशहालपुर के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर प्रतिभाग करने समय से पहुँचे अवधी अध्ययन केन्द्र उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप सारंग ने उपस्थित जन समूह को राजू श्रीवास्तव द्वारा अवधी को देश दुनियाँ में बुलन्द करने वाला पुरोधा बताते हुए सभी से मोबाइल पर राजू की फोटो लोड करायी और श्रद्धापूर्वक खड़े होकर नमन किया। बाद में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आँखें फाउण्डेशन के संस्थापक सदस्य रजत बहादुर वर्मा, ग्रीन गैंग संस्थापक सदस्य रमेश रावत, उपसचिव अवधी अध्ययन केन्द्र अनुपम कुमार वर्मा, ग्रीन गैंग नगर प्रभारी शशिप्रभा की विशेष उपस्थिति रही।

# थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

## चोरी की एक अदद इलेक्ट्रानिक मोटर, एक अदद पम्पिंग सेट व एक अदद इंजन तथा 02 अदद मोटर साइकिलें

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु




चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 23.09.2022 को थाना कुर्सी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. बब्लू पुत्र वशीर अहमद मरहूम निवासी ग्राम पैतेपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर 2. श्यामू पुत्र विश्रामलाल निवासी बरातीपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर 3. सर्वेश पुत्र राजाराम निवासी ग्राम पैतेपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को इटौंजा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की एक अदद इलेक्ट्रानिक मोटर, एक अदद पम्पिंग सेट व एक अदद इंजन व 02 अदद मोटर साइकिलें यूपी 41 एआर 6990 भ्थ् डीलक्स व यूपी 34 एक्यू 5328 स्प्लेण्डर बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कुर्सी पर मु0अ0सं0–323ध्2022 धारा 41ध 411 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।

# बाउण्ड्री निर्माण में पीला ईंटों का किया जा रहा प्रयोग

परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोंधी में युवक मंगल दल बाउंड्री निर्माण में पीला ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। यह आरोप ब्रह्मानंद पूर्व प्रधान ने लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि विनोद कुमार ग्राम प्रधान के द्वारा युवक मंगल दल बाउंड्री वाल निर्माण में पीला ईंट का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है तथा युवक मंगल दल की संपूर्ण जमीन पर बाउंड्री वाल का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। युवक मंगल दल की जमीन को कुछ अपने चहेतों के लिए छोड़ भी दिया है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए यह भी कहा बाउंड्री वाल निर्माण में मानक के अनुरूप अव्वल ईट का प्रयोग किया जाए एवं संपूर्ण जमीन पर युवक मंगल दल बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाये। यह मांग शिवनंदन, ब्रह्मानंद, पूर्व प्रधान महेश प्रसाद, शंभू जय राम, रामजीवन, प्रसादी, प्रहलाद आदि लोगों ने की है।

# नमामी गंगा का पाइप उतरवाते समय दर्दनाक मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अमौलिया प्राथमिक विद्यालय



के सामने नमामी गंगे का ई एस एल स्टील लिमिटेड कंपनी के द्वारा पानी पाइप लाइनों हेतु पाइप गिराया जा रहा था। जिसमें ट्रेलर वाहन स्वामी राज लक्ष्मण का बहनोई ड्राइवर रामजी मौर्य (35) वर्ष पुत्र गंगा राम मौर्य निवासी मझिगवां, थाना पेकौलिया जनपद बस्ती की पानी पाइप से दबकर दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रामजी मौर्य इ एस एल स्टील कम्पनी लिमिटेड के द्वारा अपने साले राज लक्ष्मण का ट्रेलर लेकर बीते दिन अतरौलिया गांव प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने पानी पाइप गिराने आया था। आज लगभग दोपहर पाइप को उतरवाने के लिए ट्रेलर को खड़ा कर पाइप दाहिने साइड एकत्रित हो रहा था। इसने बाए साइड में ट्रेलर खड़ा कर पाइप को खोलने लगा। परंतु अचानक रस्सी टूट गई भरभरा कर पाइप विपरीत दिशा में गिरने लगे। जिसके चपेट में ड्राइवर मृतक रामजी आ गया जिसमें दबकर दर्दनाक मौत हो गई। किसी ने करमा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एस आई विमलेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर। मृतक के पास मिली डायरी में लिखा नम्बर पर कॉल किये, तो पता चला कि मृतक के साले लक्ष्मण से बात हो रही। सिंह घटना की जानकारी परिजनों को दिलवाया। ततपश्चात मृतक को गांव वालों के सहयोग से बाहर निकलवाने के बाद पंचायत नामा भर कर शव को पोस्मार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# क्विज प्रतियोगिता में रोशनी गुप्त ने मारी बाजी

जौनपुर। बीआरसी सिकरारा पर राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में रोशनी गुप्त ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बाजी मार ली। जिससे उन्हें व टॉप फाइव में आने वाले अंकिता यादव स्वरित यादव नेहा प्रजापति व विशाल यादव को बीइओ आनंद सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम सहसंयोजक सुशील उपाध्याय व ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह द्वारा विज्ञान मॉडल बनाने के लिए नगद रुपया 1000 व ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया और टॉप टेन बच्चों को ट्रॉफी के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।ज्ञात हो की शासन की मंशा के अनुसार ब्लॉक के सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालयों से 3, 3 छात्र छात्राओं को बुलाकर एक लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीइओ आनंद प्रकाश सिंह के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र सिकरारा पर आयोजित की गई। जिसमें विकास क्षेत्र के समस्त जूनियर हाईस्कूलों से 87 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों को सम्बोधित करते बीइओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु क्षमता का विकास भी होता है। अनुपम श्रीवास्तव पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अजय पांडे मंजू पांडे राजेन्द्र यादव माधुरी जायसवाल इंदू दास राजकुमार पांडे प्रमोद तिवारी देविका रानी आदि उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन के वरिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष का निधन

लहरपुर देहात (सीतापुर)। बार एसोसिएशन सीतापुर के वरिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष नजीर अहमद एडवोकेट लगभग 61 साल का शाम 7 बजे 22 सितंबर एक निजी अस्पताल लखनऊ में डेंगू की बीमारी से इलाज के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। यह खबर मालूम पड़ते ही श्री अहमद के आखरी दीदार के लिए लोगों का भारी हुजूम उनके आवास परसेंडी ब्लॉक के कैमहरा स्थित घर पर उमड़ पड़ा और गमगीन माहौल में उन की नमाजे ए जनाजा 23 सितंबर जुम्मे बाद पढ़ाई गई तथा उनके परिवारिक कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनकी आखिरी रस्म में बड़ी तादाद में सभी धर्मों के लोग शामिल हुये। जिसमें विधायक अनिल कुमार वर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सीतापुर चंद्रभाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आशीष मिश्रा, विजय कुमार अवस्थी, सुधीर शुक्ला राना, इरफान अहमद, जेडआर रहमानी, केपी त्रिपाठी, सुनील बनसवार, तारिक फारूकी, अफरोज खान, श्रवण कुमार जायसवाल, मोहम्मद कासिम, सरदार अली, दिनेश कुमार मौर्य, मेराज अहमद, इनामुल्लाह खान, श्रीकांत सिंह, फिरोज खान, डॉक्टर मुजीब प्रधान, अनवर अली बिस्वानी आदि शामिल थे। प्रधान, शिक्षक, उलेमा क्षेत्र के राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा भारी संख्या में सीतापुर बार के अधिवक्ता मौजूद थे।

# अपने दुर्दशा पर आशु बहाती पगिया पानी टंकी

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड के पगिया गांव में



बनी पानी की टंकी अपने दुर्दशा पर आंशु बहाने को मजबूर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल निगम से पगिया गांव के लिए 1962 में टंकी का निर्माण कार्य किया गया था। जहाँ के ऑपरेटर छन्नू गिरी थे। जो अब 2016 में रिटायर हो कर जल निगम की देखभाल कर रहे थे। गिरी ने बताया कि पगिया ग्राम समूह पम्प जल का उद्घाटन धर्म दत्त बैद के द्वारा 1962 में किया गया था। पगिया वासियों में बहुत उत्साह था। छन्नू गिरी ने बताया कि पानी का कनेक्शन तो ग्रामीणों को दे दिया गया परंतु बिल वशूली में सिथलता बरती गई। आज यह जल निगम अपने दुर्दशा पर आंशु बहाने को मजबूर हो गया है। वर्तमान समय में टंकी के रख रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दे दी गई। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान नागेंद्र मौर्य ने बताया कि जर्जर हालत में मोटर व भवन है। ग्राम पंचायत से कई बार मोटर बदला गया परंतु आये दिन जल जा रहा। ग्रामवासियों के द्वारा निर्धारित जल शुल्क लेने की कोशिश गई परंतु ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुई। किसी के द्वारा निर्धारित शुल्क नहीं जमा किया जा रहा है। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी से फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई परंतु वीडियो ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जबकि योगी सरकार का फरमान जारी है कि सम्बंधित अधिकारी कॉल उठायें। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने बताया कि जानकारी में पानी की समस्या के लिए ग्राम विकास अधिकारी स्मृता यादव को पानी समस्या के समाधान के लिए कहा गया है। जल्द समस्या पानी की दूर हो जायेगी।

# आकांक्षा समिति ने स्वयं सहायता समूह को प्रक्षिक्षित किया गया

फिरोजाबाद।आकांक्षा समिति, फिरोजाबाद द्वारा स्वंय सहायता समूह को पेपर बैग बनाये जाने हेतु एक दिवसीय प्रषिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम ग्राम प्रधान द्वारा समिति की अध्यक्ष एवं समिति की अन्य सदस्याओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आगे अध्यक्ष द्वारा प्लास्टिक मुक्त फिरोजाबाद बनाये जाने हेतु स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को पेपर बैग बनाये जाने के बारे में जानकारी दी गयी तथा उससे होने वाले लाभ जैसे– प्लास्टिक की तुलना में पेपर बैग का इस्तेमाल पर्यावरण के लिए अधिक लाभदायक है। पेपर बैग से पर्यावरण में बढ़ रहे प्लास्टिक कूडेध को कम किया जा सकता है तथा पेपर बैग बनाने में कम ऊर्जा लगती है आदि के लिए के बारे में भी बताया गया। महिलाओं को स्वावलंबीध्आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया गया। आगे आस्था सिंह, रहनुमा खानम, अर्पणा सिंह, शोभा पाण्डेय, कल्पना राजौरिया आदि सदस्यों के द्वारा भी प्रषिक्षण में उपस्थित महिलाओं को पेपर बैग से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष श्रीमती कृतिका प्रसाद रंजन, सुषीला यादव सीडीपीओ (ग्रामीण), आस्था सिंह, कल्पना राजौरिया, डा0 शोभा पाण्डेय आषा देवी, अर्पणा दीक्षित, रितु यादव, रहनुमा खानम, आदि सदस्यगणों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# समय पूर्व पात्र रिहाई के लिए किया निर्देषित

जौनपुर । जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव विवेक विक्रम द्वारा जिला कारागार, का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण में पाकशाला का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कारागार स्तर पर किसी भी सिद्धदोष बन्दी की जेल अपील लम्बित नहीं है सभी बंदियों की अपील की जा चुकी है। जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनी का उद्घाटन

जौनपुर। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साह तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में वोकल फार लोकल कार्यक्रम के अन्तर्गत ओडीओपी एवं हस्तनिर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी, सांसद राज्य सभा द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रदर्शनी में एक जनपद एक उत्पाद ऊनी दरी व अन्य स्थानीय उत्पादों के कुल 25 स्टाल लगाये गये। स्टालों का मुख्य अतिथि महोदय द्वारा भ्रमण किया गया तथा स्थानीय उत्पादों को बढावा देने हेतु प्रेरित किया गया।

# एक भी स्कूल ने नहीं कराया इंस्पायर अवॉर्ड में नामांकन

देवरिया। इंस्पायर अवॉर्ड योजना के लिए राजकीय व अशासकीय विद्यालय बिल्कुल रुचि नहीं दिखा रहे हैं। 20 सितंबर तक एक भी विद्यालयों ने इस योजना में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है। शासन की ओर से नाराजगी जताए जाने के बाद अब 30 सितंबर तक आवेदन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इंस्पायर अवॉर्ड के लिए जिले के 19 राजकीय व 122 एडेड माध्यमिक स्कूलों के कक्षा छह से दसवीं तक के पांच–पांच विद्यार्थियों के नाम नामांकित किया जाना है। हालांकि, विद्यालयों की ओर से इस योजना के प्रति जरा भी रुचि नहीं दिखाई जा रही है। पांच तो दूर एक भी विद्यार्थियों का नामांकन संबंधित वेबसाइट पर अब तक दर्ज नहीं कराया गया है। यह हाल तब है जब पिछले सत्र में कई विज्ञान शिक्षक जनपद को मिले हैं और यह अपने–अपने विद्यालयों में काम भी कर रहे हैं। हालांकि, योजना के तहत एक भी छात्र को तैयार नहीं कर पाने से इनकी क्षमता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. विनोद कुमार राय ने बताया कि इंस्पायर योजना के तहत 20 सितंबर तक जनपद के एक भी विद्यालय ने अपने विद्यार्थियों या उनके आइडिया का नामांकन नहीं कराया है। यह स्थिति खेदजनक है। शासन स्तर से इस पर नाराजगी जताई गई है। 30 सितंबर तक इन विद्यालयों को अपने विद्यार्थियों के नामांकन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# दो समुदायों में मारपीट, चार घायल, गांव में तनाव

महराजगंज। कोठीभार थाना क्षेत्र के चनकौली गांव में ..रात 9 बजे दो समुदायों के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष से चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी पक्ष के लोग फरार हो गए। दो समुदायों के बीच का मामला होने से कई थानों की पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस दो लोगों को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क है। जानकारी के अनुसार, चनकौली गांव के राजेश चौहान (50) और निजामुद्दीन के बीच बीते दिसंबार में मारपीट हो गई थी। उसमें गंभीर रूप से घायल राजेश की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों समेत गांव के लोगों ने सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने तीन लोगों को जेल भेज दिया। 15 दिन पहले तीनों आरोपी मुन्ना, चुन्ना, जलालुद्दीन जेल से जमानत पर छूट कर घर आए। दो तीन दिन तो कुछ नहीं हुआ, लेकिन इसके बाद मृत राजेश के परिजनों को धमकी देने के साथ ही हमेशा ताना मारना शुरू कर दिया। सुबह से ही दोनों पक्षों में नोकझोंक हो रही थी। शाम तक दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। दिवंगत राजेश की पत्नी सरजामी, बेटे विवेक, पूरन, बहू सीमा को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। उसके बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद गांव में पहुंची पुलिस शांति व्यवस्था बनाने में जुट गई। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर रि दीवार गिरा दी और झोपड़ी फूंक दी। घायलों को सिसवा सीएचसी में भर्ती कराया गया। एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए घुघली, कोठीभार, निचलौल, सिंदुरिया, ठूठीबारी पुलिस तैनात कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की गई है। उपद्रव करने वालों को खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

निचलौल। तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने आगामी दिनों में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीनानाथ चौध ारी में कहा कि बीते दिनों तहसील स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में फर्जी बैनामा कराया गया था। जिस मामले में दस्तावेज लेखक के आधार पर स्थानीय पुलिस ने फर्जी तरीके से अधिवक्ता कृष्ण कुमार चौहान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया। आरोप है कि पुलिस बगैर जांच किए ही अधिवक्ता कृष्ण कुमार को गिरफ्तार करने के लिए घर से लेकर तहसील कार्यालय तक छापा मारी जा रही है, जिसके चलते अधिवक्ता और उनके परिजन काफी दहशत में हैं। कहा कि अगर पुलिस रवैए में सुधार नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कृष्ण मोहन मिश्रा, अरविंद मिश्रा, नवीन मिश्रा, त्रिपुरेश पांडेय, नागेंद्र मौर्या, अजय तिवारी, विजय, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक रचनाकार को अपना निर्मम आलोचक भी होना चाहिए रू प्रो राजेन्द्र

प्रयागराज । हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत हिन्दी विभाग एवं भाषा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में 'कहानी कैसे लिखें' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान एवं स्वलिखित कहानी पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रो. राजेन्द्र कुमार ने कहा कि मातृ भाषा हमारी बोलियाँ होती हैं। प्रत्येक रचनाकार को अपना निर्मम आलोचक भी होना चाहिए। एक बेहतर रचना के लिए बेहतर आलोचक होना जरूरी है। डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान में प्रो.राजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ कवि, आलोचक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने हिन्दी एवं कहानी लेखन के विविध पक्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि कोई भी भाषा केवल पखवाड़े भर के लिए न होकर वह निरंतर और सर्वकालिक होती है। क्या हम केवल पखवाड़े भर के लिए हिंदी–हिंदी करके कल्याण कर सकते हैं? हिन्दी हमारी माँ है, जिसके हम सब संतान हैं और माँ हमेशा हमसे जुड़ी रहती हैं। सच कहा जाय तो मातृ भाषा हमारी बोलियाँ होती हैं। कहानी लेखन की बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी विधा की रचना करने के लिए सबसे पहले प्रतिभा आवश्यक होती है। प्रतिभा के बाद व्यक्ति की संवेदना महत्वपूर्ण होती है। इसके बाद भाषा का प्रश्न जरूरी हो जाता है। भाषा को लेकर लोगों में यह गलतफहमी रहती है कि हमें अपनी भाषा सीखने की क्या जरूरत है। वास्तविकता यह है कि भाषा को लगातार सीखने और परिमार्जित करने की जरूरत है। आपकी भाषा पर जितनी ज्यादा पकड़ होगी रचना उतनी ही ज्यादा बेहतर ढंग से अभिव्यक्त हो सकेगी। उनका कहना था कि कहानी पर बोलना और लिखना दोनों अलग बात है। व्याख्यान एवं प्रतियोगिता का संयोजन डॉ आलोक मिश्रा, संचालन डॉ गायत्री सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमरजीत राम ने किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित विभिन्न कहानियों का पाठ किया। कहानी पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सदस्य अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ वेदप्रकाश मिश्र एवं हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ अमरजीत राम उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ रचना सिंह, डॉ मान सिंह, डॉ गरिमा, डॉ रश्मि, डॉ हर्षमणि, डॉ अश्विनी देवी, डॉ शाइस्ता इरशाद, शोधार्थी कुलदीप कुमार गौतम, अमिता, रीमा, जयसिंह यादव, हर्ष सिंह, शालिनी सिंह, कुलदीप यादव, अनुराग यादव, अनूप द्विवेदी सहित कई छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए उद्यमियों को बढ़ावा देना जरूरी

महराजगंज। आत्मनिर्भर भारत के लिए उद्यमियों को बढ़ावा देना जरूरी है। कृषि प्रधान जिला होने के नाते यहां पर कृषि आधारित उद्यम के विकास की अधिक संभावना है। अन्य उत्पादों को भी बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से नियमित रूप से प्रयास किया जा रहा है। फर्नीचर, कृ षि व हस्तशिल्प कार्य से जुड़े उद्यमी अपने व्यवसाय के दायरे को विकसित करने का कार्य करें।

यह बात केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने . नगर के एक लान में उद्यम विभाग की ओर से आयोजित स्थानीय स्तर पर बनाए गए उत्पादों के तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ रहे उत्पाद निर्माण के कार्य उद्यमी के साथ देश के आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होंगे। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि जिले में बड़े उद्यम के विकास की दिशा में प्रयास जारी है।

उपायुक्त उद्यम अभिषेक प्रियदर्शी ने कहा कि उद्यम के क्षेत्र में प्रदेश के साथ–साथ देश में जिले की विशिष्ट पहचान हो इस दिशा में पहल प्रारंभ की गई है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, राजेंद्र पटेल, अमरनाथ पटेल, मनीष जैसवार, दिनेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री ने स्टाल का किया निरीक्षण

प्रदर्शनी स्थल पर आदित्य प्रकाश, गौरीशंकर गुप्ता, सूर्यप्रकाश, राम भरोस, शिवशंकर, रामप्रसाद वर्मा, अदिल व राजेश ने फर्नीचर उत्पाद, सुमन गुप्ता ने काला नमक, बैजनाथ पटेल ने सर्फ उद्योग, नीरज ने इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद, दिनेश मिश्रा ने दोना पत्तल, किरन देवी ने नमकीन उद्योग, रघुनंदन गुप्ता ने सेनेटरी पैड, मंजू व ममता ने अगरबत्ती उद्योग, महेंद्र शर्मा ने खेल सामग्री, जयप्रकाश ने जेपी मिष्ठान डिब्बा उद्योग, अहमद खान व ललिता ने स्टील फर्नीचर, शिवसरन ने आइसक्रीम व विनोद तिवारी ने हिमालय मिनिरल वाटर का स्टाल लगाया। स्टालों पर पहुंचकर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने संचालकों से बात की तथा इनमें से दस को डेमो चेक देते हुए व्यवसाय के दायरे को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

10 उद्यमियों को वितरित किया गया डेमो चेक

प्रदर्शनी में सेंट्रल बैंक की ओर से लकड़ी फर्नीचर व्यवसाय के लिए आदित्य प्रकाश व हेमंत गुप्ता को 25–25 लाख, सर्फ व्यवसाय के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक ने बैजनाथ पटेल को 25 लाख, आइसक्रीम व्यवसाय के लिए इंडियन बैंक ने सुगंधा देवी को 25 लाख एवं अराधना को 10 लाख, स्टील व्यवसाय के लिए स्टेट बैंक ने निरुपमा सिंह को 25 लाख, फर्नीचर व्यवसाय के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने सूर्यप्रकाश को तीन लाख, नमकीन व्यवसाय के स्टेट बैंक ने किरन देवी को 10 लाख, चाट व्यवसाय के लिए बड़ौदा यूपी बैंक ने पवन मोदवाल को दो लाख तथा फर्नीचर व्यवसाय के लिए बड़ौदा यूपी बैंक ने राजेश गुप्ता को साढ़े नौ लाख का डेमो चेक दिया।

# पूर्व ग्राम प्रधान व बसपा नेता ने गोली मारकर की आत्महत्या

बैतालपुर। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में बृहस्पतिवार की रात में पूर्व प्रधान व बसपा नेता ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने रिवाल्वर को कब्जे में ले लिया। इसके बाद जांच–पड़ताल में जुट गई।

विकास खंड के जगदीशपुर गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान व वरिष्ठ बसपा नेता ओमप्रकाश पासवान 52 करीब चार–पांच दिन बाद रात में घर आए थे। घर पर स्नान करने के बाद लखनऊ और चंडीगढ़ में अध्ययनरत अपनी तीन लड़कियों से हालचाल और उनकी शिक्षा को लेकर चर्चा कर भोजन करने लगे। इस दौरान किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई।

दोनों के बीच नोकझोंक हुई और आधी रात को 12 बजे अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजन रोने लगे और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

इसी बीच जानकारी गौरी बाजार के एसओ विपिन मलिक को दी। उन्होंने मौके से लाइसेंसी रिवाल्वर को कब्जे में ले लिया। एसओ ने बताया कि मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

एक बार खुद एक बार पत्नी रह चुकी हैं प्रधानः बैतालपुर। स्थानीय विकास खंड की संयुक्त ग्राम सभा बेलही तिवारी से वर्ष 1995 में बसपा नेता ओमप्रकाश पासवान की मां दुर्गावती देवी पहली बार ग्राम प्रधान बनीं। इसके बाद वर्ष 2000 से 2005 तक वह स्वयं गांव के प्रधान बने। वहीं, वर्ष 2010 में गांव का आरक्षण बदलने पर उन्होंने अपनी पत्नी सरिता प्रकाश को चुनाव मैदान में उतारा और जीत हुई।

पदमुक्त होते ही जनता से बढ़ाईं दूरियांः बैतालपुर। वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत के परिसीमन क्षेत्र में बदलाव हो गया। इसमें बेलही तिवारी एक अलग ग्राम पंचायत बना दी गई। वहीं, ओमप्रकाश पासवान के गांव जगदीशपुर को नवसृजित ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में जोड़ दिया गया। इसके बाद उन्होंने चुनाव में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। पद से दूर होते ही वह जनता से काफी दूरियां बना लिए थे।

ओमप्रकाश ने की थीं दो शादियांः बैतालपुर। पहली शादी से उनकी दो पुत्रियां हुईं। इसके कुछ वर्ष बाद पहली पत्नी की मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद ओमप्रकाश ने दूसरी शादी की। इनसे पांच संतानों में चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। पहली पत्नी की दोनों पुत्रियां और दूसरी पत्नी की एक पुत्री लखनऊ और चंडीगढ़ में रहकर तैयारी करती हैं।

# एसपी के खिलाफ गरजे अधिवक्ता, डीएम को सौंपे ज्ञापन

महराजगंज। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। सभी अधिवक्ताओं ने एसपी के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि एसपी ने बृहस्पतिवार को अधिवक्ता अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर अपमानित किया। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर एसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। दीवानी कचहरी से अधिवक्ता नारेजाबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय की तरफ बढ़े। अधिवक्ताओं का आक्रोश देखकर पुलिस सतर्क हो गई। एसपी कार्यालय के सामने करीब एक घंटे नारेबाजी करने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ अधिवक्ता बढ़े तो यहां पुलिस ने पहले उनको समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित अधिवक्ता किसी की नहीं सुने। थोड़ी ही देर में डीएम कार्यालय कक्ष से बाहर आकर अधिवक्ताओं की बातों को सुनने के साथ ही उनको समझाकर शांत कराए। पीड़ित अधिवक्ता शिवशंकर गुप्त ने कहा कि करीब 15 वर्षों से विधिा व्यवसाय कर रहा हूं। सुनीता देवी चौनपुर थाना कोठीभार अपनी मां के साथ सिविल कोर्ट में आकर अपने पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र लिखवाईं। सुलह समझौता केंद्र में वाद दाखिल करने के लिए 900 रुपये भी सुनीता देवी ने दिए। सुनीता देवी ने प्रार्थना पत्र को लेकर पुलिस अधीक्षक के पास गईं। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई न कर सुनीता देवी से फीस के बारे में पूछे जिस पर सुनीता देवी 900 रुपये देने की बात कही। इस पर पुलिस अधीक्षक ने अपने एक सिपाही को सिविल कोर्ट भेजकर मुझे कार्यालय कक्ष में बुलाकर अपशब्द कहते हुए अपमानित किया। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता किसी मुकदमा या वाद दाखिल करने के लिए फीस ले सकते हैं। फीस लेना या न लेना पुलिस अधीक्षक से कोई सरोकार नहीं है। फीस लेने के मामले में कुछ करने का अधिकार पुलिस अधीक्षक को नहीं है। इस दौरान अरविन्द कुमार, अभिषेक कुमार, वशिष्ठ कुमार, कृष्णा, धीरेंद्र, संजय यादव, आलोक तिवारी, अविनाश, सत्य प्रकाश, सलाउद्दीन अली आदि मौजूद रहे। उधर, एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है। मेरे द्वारा किसी को अपमानित नहीं किया गया है।

# मुविवि के प्रोफेसर को मिला राष्ट्रीय निदेशक का उत्तरदायित्व

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर ए.के मलिक को राष्ट्रीय स्तर की संस्था नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट इंडिया एन.सी.आर.टी.एस में राष्ट्रीय निदेशक का उत्तरदायित्व मिला है। प्रो.मलिक के चयन पर मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह, कुलसचिव प्रो. पी.पी. दुबे समेत सभी निदेशक एवं शिक्षकों सहित अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी मुक्त विवि के पीआरओ डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने देते हुए बताया कि भारत सरकार की संस्था विज्ञान प्रसार की इकाई विपनेट से सम्बद्ध नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट इंडिया (एन.सी.आर.टी.एस. ) द्वारा उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर ए.के मलिक को वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय निदेशक के रूप में सेवाएं देने के लिए मनोनीत किया है। डॉ प्रभात ने बताया कि प्रो. मलिक को विज्ञान एवं तकनीकी के प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रीय स्तर पर अतुलनीय कार्य करने हेतु 1 फरवरी 2022 को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार तथा 22 दिसम्बर, 2018 विपनेट–विज्ञान प्रसार, भारत सरकार के डीएसटी के तहत नेटवर्क दासा और त्रिपुरा के एस.डब्ल्यू.ए से राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित लोकप्रियता के लिए श्रीनिवास रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने बी.के. बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पिलानी के गणित विभाग में पंद्रह वर्षों तक शैक्षिक योगदान दिया है। इसी वर्ष जून में प्रो. मलिक मुक्त विवि में गणित के प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किये गये। प्रो. मलिक को शिक्षा और अनुसंधान में 17 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र ऑपरेशंस रिसर्च, इन्वेंटरी कंट्रोल और सॉफ्ट कम्प्यूटिंग तकनीक है। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्हें कई संस्थानों आई आई टी और अन्य विश्वविद्यालयों में गणित और अनुसंधान पद्धति में विभिन्न शोध विषयों पर 80 से अधिक वार्ता देने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने प्रतिष्ठित संस्थान ई आई एस टी आई विश्वविद्यालय पेरिस, फ्रांस में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी काम किया है। प्रो. मलिक औद्योगिक इंजीनियरिंग सी आर सी प्रेस ऑपरेशंस रिसर्च ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस अनुकूलन तकनीक, टोपोलॉजी, माप सिद्धांत और एकीकरण विलीए ड्रीम टेक जैसी 26 पुस्तकों के लेखक व सह लेखक हैं। वह विद्वान समाजों एसोसिएशन ऑफ इन्वेंटरी एकेडमिक्स एंड प्रैक्टिशनर्स, आई.ए.पी इंडियन एसोसिएशन फॉर रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स आईएआरएस राजस्थान गणिता परिषद के आजीवन सदस्य हैं। प्रो. मलिक ने एम.एस.सी गणित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड से और पी.एच.डी डिग्री, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से प्राप्त किया है।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पुलिस लाइन सभागार में जनपदीय व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ



की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान व्यापार मंडल व उद्योग बंधु के पदाधिकारी मौजूद रहे मीटिंग में आगामी त्यौहार के दौरान यातायात–व्यवस्था, अतिक्रमण व सुरक्षा के बारे में विमर्श किया गया। पुलिस द्वारा व्यापारियों के विरुद्ध घटित अपराधों में की गई कार्यवाही के बारे में बताया गया। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों के लंबित शस्त्र लाइसेंस, जीवन भय संबंधी कोई धमकी, किसी प्रकार की लूट आदि की होने की घटना प्रकाश में नहीं आई। सभी व्यापारियों द्वारा पुलिस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक बदोसराय में संपन्न हुई

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक बदोसराय में की गई



जिनमे प्रखंड अध्यक्ष अजय पाल पटेल ने दीप प्रज्वलित कर एकात्मता मंत्र का उच्चारण कर कर बैठक का शुभारंभ किया बैठक के दौरान जिला संगठन मंत्री राकेश बाबा ने संगठन के प्रमुख विषयों एवं संगठन के आगामी विषयों पर चर्चा की उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल क्यों बनाया गया आयुष नाग ने सभी नवयुवक भाइयों को बजरंग दल में जुड़ने के लिए आग्रह भी किया जिसमें राकेश बाबा, अरविंद कुमार तिवारी, अजय पाल, आयुष नाग, अंकित मौर्य माता प्रसाद वर्मा, हिमांशु नाग अनुज कुमार वर्मा, सुनील चौहान, बृजेश कुमार, ऋषभ मौर्य आदि ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों हिंदू नवयुवक भाई उपस्थित रहे।

# जहांगीराबाद थाना प्रभारी की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस के मौके पर आम जनता की समस्याओं को लेकर समाधान दिवस





कार्यक्रम होता है इसी क्रम में थाना जहांगीराबाद में 24ध्9ध्2022 को 12 शिकायतें आई दो भूमि संबंधी तथा दो आपसी विवाद संबंधी चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया इस मौके पर थाना जहांगीराबाद स्टाफ के साथ राजस्व विभाग टीम की भी मौजूद रही वहीं थाना प्रभारी विनोद यादव ने बताया आगे और भी लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है आशा है सभी समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा थाना प्रभारी विनोद यादव ने कहा समाधान दिवस में आई हुई सभी समस्याओं का निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है जिससे लोगों को न्याय मिल सकेगा।

# भाव एवं भावना के साथ हम हिंदी से जुड़ें: डॉ राम मोहन पाठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हिंदी बने राष्ट्रभाषा मंच द्वारा शुक्रवार को राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर गूगल मीट एवं यूट्यूब लाइव चौनल पर हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के विभिन्न भागों से हिंदी के विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा एवं नेहरू ग्राम भारती डीम्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राममोहन पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आजादी के पूर्व के संकल्प को रेखांकित किया और कहां कि हमारा संकल्प था ष्स्वाभिमान, स्वाधीनता एवं स्वभाषा जिसे गांधीजी भी भली–भांति समझते थे। उन्होंने कहा कि हम भाव एवं भावना के साथ हिंदी से जुड़े। हमारा संकल्प भाव एवं भावनाओं का होता है आंकड़ों का नहीं। स्वतंत्रता से लेकर संविधान बनने तथा अब तक की स्थिति पर मुख्य अतिथि ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संविधान के किसी विषय पर विशेष चर्चा हुई है तो वह राजभाषा है। चंडीगढ़ से भारत सरकार के अधीनस्थ विभाग में कार्यरत राजपत्रित अधिकारी एवं युनाइटेड ब्यूरो ऑफ ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल के सलाहकार सुरेश वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं हिंदी के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने देश की विभिन्न हिंदी संस्थाओं काशी नागरी प्रचारिणी सभा, प्रयाग हिंदी सम्मेलन, वर्धा आदि के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने शिक्षा प्राप्त




करने तथा रोजगार के लिए विदेश में रह रहे भारतीयों को भी हिंदी के प्रचार–प्रसार का श्रेय दिया तथा सुझाव दिया कि इन लोगों से हमें जुड़े रहने की आवश्यकता है। पीआरएसआई वाराणसी चौप्टर के पूर्व चेयरमैन एवं स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेस के संकाय अध्यक्ष प्रो. आरके सिंह ने राष्ट्रीय संगोष्ठी कराने के निर्णय को एक साहसिक कदम बताया तथा हिंदी बने राष्ट्रभाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्रबंधन को माना जाता है कि यह ग्लैमर की दुनिया है यहां अंग्रेजी ही चलती है। हमें अपने प्रोफेशन में हिंदी, अंग्रेजी के साथ भोजपुरी भी बोलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी का विद्वान नहीं हिंदी का प्रेमी होना चाहिए। कोलकाता से हिंदी साहित्य परिषद अंतरराष्ट्रीय साहित्य संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि हमारे देश में ही हिंदी को वह गौरव नहीं प्राप्त हो रहा है जिसका वह हकदार है। हिंदी ने अपना विस्तार कर लिया है, आज हिंदी विश्व में दूसरे नंबर पर स्थापित हो चुकी है। हिंदी भाषा साहित्य को जन जागरण की आवश्यकता नहीं है बशर्ते सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं की संवाद की भाषा को हिंदी कर दिया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मीडिया फोरम ऑफ इंडिया न्यास के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सोनभद्र के वरिष्ठ पत्रकार तथा लखनऊ से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक के समाचारपत्र के समाचार संपादक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी मधु ने संगोष्ठी के विषय की सराहना करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय ही स्वतरू यह आयोजन अपने आप में हिंदी को गौरवान्वित करने का संदेश दे रहा है। आज हमें और सभी हिंदी प्रेमियों को संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपने घर, पड़ोस, कस्बे तथा अपने संस्थानों में हिंदी को बढ़ाने देने का काम करेंगे। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हम सभी हिंदी प्रेमियों को चाहिए कि हम हिंदी को बढ़ावा दें, हिंदी में बोलें तथा अपने कस्बे, गांव से प्रदेश एवं देश तक इसे को फैलाने का काम करें। यदि ऐसी संकल्पना को हम सभी मूर्त रूप दें तो हिंदी के क्षेत्र में काम कर रही सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं भी ऐसा करने का नजीर पेश करेंगी। गाजियाबाद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी बने राष्ट्रभाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने सभी जुड़े हुए वक्ताओं, श्रोताओं एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत उपरांत उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र के उस कथन का याद दिलाया कि वह दिन दूर नहीं जब भारत स्वाधीन होगा और उसकी राष्ट्रभाषा हिंदी होगी, परंतु आज 75 वर्षों बाद भी मां भारती राष्ट्रभाषा का इंतजार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्रीय कार्यालयों की भांति राज्यों के सरकारी संस्थाओं एवं गैरसरकारी संस्थाओं में राजभाषा नियम लागू किया जाए फिर हिंदी स्वतरू ही अपना स्थान बना लेगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बना दिया जाए और अंग्रेजी को संपर्क भाषा के रूप में चलने दिया जाए। कार्यक्रम का संचालन, यूट्यूब पर लाईव प्रसारण तथा धन्यवाद ज्ञापन हिंदी पटल की संचालिका एवं वीर रस की कवयित्री सृष्टि राज ने किया।उक्त कार्यक्रम में सोनभद्र से चंद्रशेखर जोशी, शक्तिनगर से एस के सिंह, खड़िया से बहर बनारसी, बकरिहवां से रविन्द्र श्रीवास्तव, कोटा से चंद्र मोहन चौहान, बरेली से रामबदन प्रसाद, गोंडा से प्रभात राजपूत राज गोंडवी, गाजियाबाद से प्रीति तिवारी आदि विभिन्न राज्यों से सैकड़ों लोग बतौर श्रोता जुड़े रहे।

- **हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं की भूमिका विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न**
- **हिंदी को राष्ट्रभाषा बना दिया जाए और अंग्रेजी को संपर्क भाषा के रूप में चलने दिया जाएरूराष्ट्रीय संयोजक**

# सेवा पखवाड़ा के तहत कृत्रिम अंग उपकरण का बितरण किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। देश के यशस्वी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत विकास खण्ड राबर्ट्सगंज परिसर मे दिव्यांगो के बीच कृत्रिम अंग उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने ट्राई साइकिल, छड़ी, बैसाखी, ध्वनी यंत्र सहित अन्य उपकरण जरुरतमंदों को सौंपा। इस मौके पर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर उन्हे समाज की मुख्यधारा से जोडना मोदी सरकार का मुख्य उद्देश्य है। हम सब जानते है की दिव्यांग शब्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देन है हम दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाया है, जिससे वो भी सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। दिव्यांगजनों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं को भी गिनाया इसलिए किसी भी दिव्यांग को निराश होने की जरुरत नही है सरकार ने दिव्यांगों को सबसे ज्यादा लाभ दिलाया उपकरण हो या योजनाएं भाजपा सरकार मे सबसे ज्यादा दिव्यांगजनों तक लाभ पहुंचा है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि दिव्यांगजनों मुख्यधारा मे सहजता के साथ जीविकोपार्जन एवं अन्य क्षेत्रों को सहज व सरल बनाने को दृष्टिगत रखते हुए अनेको प्रयास किये जा रहे है। दिव्यांगजनों की सेवा करने का जो आनन्द प्राप्त होता है वह शब्दो मे बयां नही किया जा सकता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेको अनेक योजनाएं चला रखा है जिनमे से दिव्यांग सशक्तिकरण योजना भी प्रमुख है इस योजना के अंतर्गत बिना किसी भेदभाव के अपंगता के आधार पर दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किया जाता है, यह योजना दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बना रही है। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्तियों के लिए कार्य करते है भाजपा सदैव समाज के अन्त्योदय पर खडे व्यक्ति को मुख्यधारा मे लाने हेतु कार्य करती है। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, कार्यक्रम संयोजक राकेश मेहता, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, अभिषेक सिंह चन्देल, ओमप्रकाश दूबे, अशोक मौर्य, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, गोविन्द यादव, दयाशंकर पाण्डेय, बीएन गुप्ता, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, कन्हैया जायसवाल, विनोद पटेल, कमलेश चौबे, अनूप तिवारी, सतीश पाण्डेय, महेन्द्र पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी, राहुल पटेल, दिलिप मौर्य, सुरेन्द्र मौर्य सहित आदि मौजूद रहे।

# पुरानी व मशहूर रामलीला करमा का 26 सितंबर से शुरूआत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आइये एक नजर डालें करमा रामलीला पर वरिष्ठ समाजसेवी रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष राम सजीवन तिवारी के अनुसार लगभग35 वर्ष पहले प्रभु श्री राम की कृपा व प्रेरणा से सर्वप्रथम शिव शंकर तिवारी प्रबंधक व अध्यक्ष दिलीप सिंह ने रामलीला की शुरुआत कराई लोग बताते हैं कि बहुत दूर दूर से लोग आते थे भीड़ रहती थी पूरा पंडाल खचाखच भरा रहता था उसके बावजूद लोग खड़े होकर रामलीला देखते थे समित भी अनुशासित थी 10 वर्षों के बाद रामलीला समिति के प्रबंधक राजेंद्र तिवारी बनाए गए अध्यक्ष दिलीप सिंह ही रहे उसके बाद अध्यक्ष समारू सिंह पटेल को बनाया गया रामलीला अनवरत चलती रही उनके निधन के बाद रामलीला समिति के अध्यक्ष रामपति पटेल को बनाया गया जो वर्तमान में अभी भी अध्यक्ष हैं उनके नेतृत्व में रामलीला इस वर्ष भी 26ध्9ध्22 से प्रारंभ होगी आइए जिक्र करते हैं एक और समिति



की जो रामलीला का मंचन करती है गौरतलब है कि शुरू में रामलीला मंचन के लिए यहां बाहर से पार्टियां बुलाई जाती रही सन 1995 में ग्राम मदैनिया में पंडित प्रेम नाथ शुक्ला के आशीर्वाद वह नेतृत्व में आदर्श प्रेम रामलीला एवं नाट्य कला समिति का गठन किया गया है जिसके प्रबंधक पंडित राम विशाले शुक्ल व अध्यक्ष पारसनाथ व संचालक ब्रह्मानंद तिवारी तीनों लोगों के कुशल नेतृत्व में रामलीला अनवरत चली लगभग 5 वर्षों के बाद पुनः समिति के पदाधिकारियों का चयन हुआ जिसमें अध्यक्ष पारसनाथ ही रहे पारस नाथ के अस्वस्थ होने के बाद अध्यक्ष उपेन्द्र नाथ, वर्तमान संचालक इन्द्रजीत शुक्ल, प्रबंधक गजेंद्र नाथ शुक्ला के नेतृत्व में आज भी रामलीला कुशल व योग्य शिक्षित कलाकारों के द्वारा मंचन होता है 10 दिनों तक पूरा करमा बाजार चहल पहल और भक्तिमय माहौल से भरा रहता है यह जानकारी रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राम सजीवन तिवारी ने दिया।

# काव्य संध्या एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक एवं संगठन करता पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच दुद्धी के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर काव्य संध्या एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दुद्धी नगर के होटल ग्रीन स्टार में किया गया है। उपरोक्त आशय की जानकारी मंच के अध्यक्ष डॉक्टर लवकुश प्रजापति ने देते हुए बताया कि–25 सितंबर 2022 दिन रविवार को रात 8.00 बजे लोक संस्कृति की प्रस्तुति एवं सम्मान का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत, माल्यार्पण मंच के संयोजकगण एवं पदाधिकारी गण करेंगे। वही रात्रि 9.00 बजे वीर रस, हास्य रस, श्रृंगार रस, करुण रस, से ओतप्रोत काव्य पाठ किया जाएगा।

# सरकार गड्ढा मुक्त करने के बजाए गड्ढा युक्त करने में लगी है–निगम मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के पूर्व जिला महामंत्री निगम मिश्रा ने चतरा ब्लॉक के पटना, सिल्थम, लड्डुआ, निवारी, डुमरिया, पडरीकला और रामगढ़ के आज ग्राम पंचायतों आदि का दौड़ाकर जनसमस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विद्युत कटौती की गंभीर समस्या बनी हुई है, संपर्क मार्ग काफी खराब हो चुके हैं, मनरेगा की



मजदूरी समय से नहीं मिल रही है, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन समय से नहीं मिल रहा है, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों से पैसा वसूला जा रहा है तथा अपात्रों का चयन किया गया है। शिकायत करने पर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। राशन कार्ड से मनमाने तरीके से यूनिट गायब कर दिए जा रहे हैं। ब्लॉक रोड की सड़क पूरी तरह तालाब में परिवर्तित हो गई है। रैया गोसाई संपर्क मार्ग बड़े–बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है। बीजेपी सरकार गड्ढा मुक्त करने के बजाए सड़कों को गड्ढा युक्त करने में लगी है। जनपद में सड़कों के गड्ढा मुक्त के नाम पर रुपयों का लूटपाट जारी है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# अनिता गुप्ता ने 2007 बैच की पहली महिला लेखपाल बन कर की मिशाल कायम



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कहा जाता है कि बेटियों की राह आसान नहीं होती है। संघर्ष मय जिंदगी से गुजरती हुई सोनभद्र के चुर्क निवासिनी अनीता गुप्ता ने राजस्व विभाग मेंवर्ष 2007 बैच में लेखपाल के पद पर नौकरी पाकर नाम रोशन किया है जो बेटियों के लिए एक मिसाल कायम की है बता दें कि चुर्क निवासी अनीता गुप्ता बड़े ही संघर्ष में जिंदगी गुजरती हुई वर्ष 2007 बैच की प्रथम सोनभद्र की महिला लेखपाल बनी अनीता गुप्ता के पिता की मृत्यु जब कक्षा 8 में पढ़ रही थी तभी हो गई तत्पश्चात माता फूलपति देवी के ऊपर दो भाई चार बहनों का भरण पोषण सहित शिक्षा दीक्षा का भार हो गया हालांकि बड़े भाई कि एक जनरल स्टोर की दुकान चुर्क में ही स्थित है जिन्होंने परिवार के ऊपर विशेष ध्यान नहीं दिए खेती बारी भी इनके पास नही थी जिसके कारण पूरे परिवार का भार माता फूलपति देवी व बहनों के ऊपर ही रहा किसी तरह पूरे परिवार का परवरिश होता रहा। अनीता गुप्ता ने इंटरमीडिएट तक की पढाई चुर्क इंटर कॉलेजमें ही की है तत्पश्चात ग्रेजुएट की शिक्षा मिर्जापुर बिनानी डिग्री कॉलेज से हासिल की। इसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट की परीक्षा राजकीय डिग्री कॉलेज ओबरा से हुई। पढ़ाई करते समय ही अनीता गुप्ता ने नौकरी की तलाश में कई इंट्रेंस परीक्षा देती रही, तैयारी करती रही इसी बीच वर्ष 2007 में लेखपाल की परीक्षा में सम्मिलित होने का मौका मिला जो लगन व मेहनत के बलपर सफल भी हो गई। जिससे अब थोड़ा सा परिवार के परवरिश का बोझ माता का हल्का हो गया पिछले वर्ष छोटे भाई की भी अचानक मौत हो गई। अनीता गुप्ता चार बहनों में सबसे छोटी बहन है पिताजी के जीवन काल में बड़े भाई और एक बहन की शादी हो चुकी थी उसके बाद उनके न रहने पर माताजी ने दो छोटी बहनों की भी शादी की है अब शादी के लिए बारी स्वयं लेखपाल अनिता गुप्ता की है जो परिवार में कमाऊ बेटी है जो अपने लगन मेहनत के बलपर मुकाम हासिल कर परिवार का नाम रोशन करते हुए मिसाल कायम की है। ऐसी ही बेटियो पर माता पिता का नाज होता है।

# बेटियों को समझना बड़ी बात,बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बेटी दिवस की पूर्व संध्या पर बेटियों को अभूतपूर्व संदेश देते हुए बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी ने शनिवार को इस संवाददाता से एक विशेष भेंटवार्ता में कहा है कि 25 सितंबर रविवार को देश में बेटी दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खास तौर पर यह दिन बेटियों के लिए समर्पित रहेगा। बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी की माने तो इस खास दिवस को वैसे तो अलग–अलग देशों में अलग–अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इसे हर वर्ष सितंबर महीने के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के संदर्भ में उनका कहना है कि बेटियों को प्यार जताने के उद्देश्य से बेटी दिवस मनाया जाता है। भारत में बेटी दिवस मनाने की वजह लोगों को बेटियों के प्रति देश काल और समाज की संरचना करने की जिजिप्सा जागृत करना है। उन्होंने आगे बताया कि बेटी को जन्म से पहले मारना, उसे पढ़ने–लिखने ना देना, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म जैसे कुरूतियों से बाहर निकलने के लिए उत्प्रेरित करने और जागरुक करने के लिए ही इस दिवस को मनाया जाता है। इसे और स्पष्ट करते हुऐ बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी कहती हैं कि बेटी दिवस यही समझाता है कि बेटियां बोझ नहीं होती, बल्कि आपके घर का एक अहम हिस्सा होती हैं। ऐसे में विचारणीय तथ्य यह है कि क्या वास्तव में एक दिन बेटी दिवस के रूप में मना कर, उनके लिए शायरी, कविता लिख कर, उनके साथ फोटो लगा कर, उनके लिए अच्छा सा उपहार ला कर हम अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो गए।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# शहद के इस्तेमाल से बनाए जा सकते हैं ये स्वादिष्ट व्यंजन, जानिए इनकी रेसिपी



शहद कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है और इसका नियमित सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। अगर आप किसी भी व्यंजन में इसका सीमित मात्रा में इस्तेमाल करते हैं तो इससे उसका स्वाद काफी बढ़ जाता है। आइए हम आपको शहद के इस्तेमाल से बनाए जाने वाले पांच व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर सिर्फ 20 से 30 मिनट में तैयार कर सकते हैं।

हनी फ्रेंच टोस्ट

इसे बनाने के लिए आपको दो फेंटे हुए अंडे, एक चौथाई कप दूध, एक चौथाई कप शहद, एक चौथाई छोटी चम्मच नमक, छह–आठ ब्रेड के स्लाइस और थोड़े मक्खन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले अंडे, दूध, शहद और नमक को डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद एक सॉस पैन में मक्खन पिघलाएं और ब्रेड स्लाइस को अंडे के मिश्रण में डुबोएं और फिर इसे दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंके और गरमागरम परोसें।

हनी चिली पोटैटो

हनी चिली पोटैटो के लिए पहले आवश्यकतानुसार आलू को धोकर छीलें, फिर इन्हें फ्रेंच फ्राइज के आकार में काटकर अरारोट से मैरीनेट करें। इसके बाद फ्रेंच फ्राइज को डीप फ्राई करके प्लेट में निकालें। अब गर्म कुकिंग ऑयल में कटी हुई शिमला मिर्च, हरी मिर्च, अदरक, टोमैटो सॉस, चिली सॉस, सोया सॉस, कुटी लाल मिर्च, थोड़ा नमक और सिरका डालकर कुछ मिनट पकाएं और फिर गैस बंद करके इसमें शहद मिलाएं। अंत में इसमें तले फ्रेंच फ्राइज मिलाकर इसे परोसें।

बेक्ड हनी चीज केक

सबसे पहले अपने ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें और एक केक पैन को मक्खन से चिकना करके उसमें एक बेकिंग पेपर डालें। अब एक कटोरे में कटे हुए खजूर, ओट्स, सूरजमुखी के बीज, दालचीनी और नारियल समेत पिघला मक्खन मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को केक पैन में डालें और बेक करें, फिर बेक केक पर क्रीम चीज, अंडे, नींबू के रस, वनिला एसेंस और शहद को फेटकर डालें और दोबारा इसे बेक करने के बाद परोसें।

स्पाइस हनी कैमोमाइल कूलर

सबसे पहले थोड़ा पानी उबाकर उसमें कैमोमाइल टी बैग्स, दालचीनी और लौंग डालकर पांच मिनट के लिए उबालें। इसके बाद पानी में से दालचीनी और लौंग को निकालकर इसमें नींबू का रस और शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और फिर प्रत्येक गिलास में एक बड़ा चम्मच संतरे का रस और कुछ बर्फ के टुकड़ों समेत तैयार ड्रिंक डालकर इसे परोसें।

बनाना हनी मफिन

सबसे पहले अपने ओवन को 190 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। इसके बाद एक पैन में मक्खन पिघलाकर उसमें शहद और दूध डालें, फिर इसमें मैश किए हुए केले डालें। अब इसमें मैदा, बेकिंग पाउडर, थोड़ा नमक मिलाकर गैस बंद करें और मिश्रण को मफिन कप में डालकर 20 से 25 मिनट तक अच्छे से बेक करें। अंत में थोड़ा ठंडा करके मफिन को परोसें।

## मेरा पियानो मेरी गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है: एंड्रिया जेरेमिया

अभिनेत्री, गायिका और गीतकार एंड्रिया जेरेमिया का कहना है कि उनका पियानो उनके गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है। इंस्टाग्राम पर, अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पियानो का विवरण



साझा किया, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उनके लिविंग रूम में गौरव का स्थान रखता है। अभिनेत्री ने लिखा, मेरे दादाजी रेलवे में काम करते थे, और मेरे पिता पेशेवर डिग्री प्राप्त करने वाले अपने परिवार में पहले व्यक्ति थे, वे एक वकील हैं। इसलिए हम बाइक और किराए के अपार्टमेंट से धीरे धीरे कार और अपने खुद के अपार्टमेंट के मालिक बने। विकास धीमा, स्थिर और वास्तविक था। मेरे माता–पिता ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे पास वह सब कुछ है जो हम चाहते थे, लेकिन एक पियानो का मालिक होना एक विलासिता थी जो मेरे पास वाद्य यंत्र का अध्ययन करने के सभी वर्षों में नहीं था। मेरे पिता ने मुझे 18 साल की उम्र में ही एक पियानो खरीदा कर दिया और विडंबना यह है कि जब मैंने एक्टिंग करनी शुरु की तो पियानो पीछे छूट गया। हालांकि मेरे पास अभी भी मेरा पियानो है। यह मेरे लिविंग रूम में रखा है और खास जगह है इसकी और यह मेरे गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री का और निर्देशक मैस्किन की हॉरर थ्रिलर पिसासु 2 सहित कई फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।






# साउथ अभिनेता प्रभास को डेट कर रही हैं कृति सैनन?



दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता प्रभास और कृति सैनन जल्द आदिपुरुष में नजर आएंगे। ओम राउत इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म अगले साल 12 जनवरी को दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म की शूटिंग समाप्त हो चुकी है। फिल्म में पहली बार प्रभास के साथ कृति स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। अब सुनने में आ रहा है कि प्रभास और कृति के बीच प्रेम–प्रसंग चल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आदिपुरुष के लिए साथ काम करने के दौरान प्रभास और कृति में नजदीकियां बढ़ीं। कहा जाता है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों एक–दूसरे से प्यार करने लगे। सोशल मीडिया पर भी फैंस दोनों के रिश्तों के बारे में कई तरह की बातें कर रहे हैं।

मानें तो दोनों का रिश्ता धीरे–धीरे मजबूत होता जा रहा है। खबरों की मानें तो दोनों अपने रिलेशनशिप को लेकर जल्दबाजी में नहीं हैं।

एक सूत्र ने बताया, महीनों पहले फिल्म खत्म करने के बावजूद उनका रिश्ता अब भी बरकरार है। वे एक–दूसरे को कॉल या मैसेज करने से कभी नहीं चूकते हैं और यह साबित करता है कि उनके पास एक–दूसरे के लिए आदर की भावना है। लेकिन इसे एक रिश्ता कहना बहुत जल्दबाजी होगा। कहा जाता है कि वे सेट पर एक–दूसरे साथ समय बिताना बेहद पसंद करते थे।

कृति से पहले प्रभास का नाम अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी के साथ जुड़ चुका है। अनुष्का प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में उनके साथ दिखी थीं। ऐसी चर्चा थी कि प्रभास–अनुष्का एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। बाद में दोनों के ब्रेकअप की खबरें भी आई थीं। एक इंटरव्यू में प्रभास ने कहा था, हम दोनों एक–दूसरे को 9 साल से जानते हैं और अच्छे दोस्त हैं। प्रभास ने अनुष्का के साथ अफेयर होने की खबरों को नकार दिया था। प्रभास से पहले कृति का नाम भी कई अभिनेताओं के साथ जोड़ा गया था। सुनने में आया था कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के प्यार में थीं। फिर कृति का नाम अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ भी जुड़ा था।

प्रभास के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह सिद्धार्थ आनंद की एक फिल्म में नजर आएंगे। वह स्पिरिट में भी दिखने वाले हैं। उनकी फिल्म सालार अगले साल सिनेमाघरों में आएगी। प्रोजेक्ट के में वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शहजादा में कृति की जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी है। फिल्म अगले साल 10 फरवरी को दस्तक देगी। टाइगर श्रॉफ की गणपत में भी कृति दिखेंगी। उनकी भेडिया इस साल 25 नवंबर को आएगी।

## वरुण तेज की अगली फिल्म वायुसेना की वीरता का जश्न मनाएगी

तेलुगू अभिनेता वरुण तेज ने खुलासा किया कि उनकी अगली फिल्म वरुण तेज 13, भारतीय वायुसेना की वीरता का जश्न मनाने के लिए तैयार है। जैसा कि पहले बताया गया था,



फिल्म की कहानी एक युद्ध पृष्ठभूमि में सेट की जाएगी, जिसमें अभिनेता एक लड़ाकू पायलट की भूमिका निभाएंगे। वरुण तेज ने सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसेंस पिक्चर्स द्वारा निर्मित फिल्म से एक तस्वीर पोस्ट करने के लिए इंस्टाग्राम पर लिखा, बहादुरी जो कोई सीमा नहीं जानता, भारतीय वायुसेना की वीरता का जश्न मना रहा है। गवाह के लिए तैयार हो जाओ बड़े पर्दे पर आसमान में लड़ाई। जल्द ही शुरू हो रहा है।शक्ति प्रताप सिंह हाडा द्वारा निर्देशित, फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में लड़ाकू विमान से घिरे वरुण तेज की एक तस्वीर है, जो एक लड़ाकू पायलट के रूप में तैयार है। हाल ही में, अभिनेता ने बहुत अधिक विवरण का खुलासा किए बिना, इस फिल्म के बारे में एक छोटा सा वीडियो जारी किया था। वीडियो क्लिप में अभिनेता को फिल्म की पटकथा पर एक लड़ाकू विमान जैसा खिलौना विमान रखते हुए देखा गया था, जबकि एक विमान के उड़ान भरने की आवाज भी सुनाई दे रही थी।

# बाजार में मौजूद हैं नौ तरह की हेयर ब्रश, जानिए आपके लिए कौनसी रहेगी बेहतर



अगर आपको लगता है कि कंघी भले ही कोई भी हो वह सिर्फ बालों को संवारने के ही काम आती है, तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अगर बालों की बनावट के अनुसार कंघी का इस्तेमाल किया जाए तो उससे बालों को संवारने के साथ–साथ कई तरह के लाभ मिल सकते हैं। अगर आप अपने बालों के लिए कंघी के चयन को लेकर उलझन में हैं तो आइए हम आपको नौ तरह की कंघी और उनकी विशेषताएं बताते हैं।

पैडल हेयर ब्रश और राउंड हेयर ब्रश: पैडल हेयर ब्रशरू लंबे और सीधे बालों के लिए इस कंघी का चयन करना अच्छा रहेगा। यह बालों को जल्दी सुलझाती है। घुंघराले और वेवी बाल वाले भी इस कंघी का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, अगर आपके घने बाल हैं तो नायलॉन या सिंथेटिक ब्रिसल्स वाला ही पैडल हेयर ब्रश चुनें। राउंड हेयर ब्रशरू वेवी बालों के लिए यह कंघी एकदम सही है, जो बालों में वॉल्यूम और बाउंस जोड़ता है। यह बाजार में विभिन्न आकारों में उपलब्ध है।

टीजिंग हेयर ब्रश और चौड़े दांतों वाली कंघी: टीजिंग हेयर ब्रशरू यह हर तरह के बालों के लिए बेहतरीन है। इससे बालों का वॉल्यूम बढ़ा हुआ दिखता है और इसके पॉइंट–एंडेड हैंडल की मदद से बालों को अलग करने में मदद मिलती है। हालांकि, अगर आपके बाल कमजोर हैं तो इस कंघी के इस्तेमाल से बचें। चौड़े दांतों वाली कंघीरू यह कंघी सभी प्रकार के बालों के लिए बेहतर है। खासकर, गीले बालों को टूटने से बचाने के लिए यह कंघी सबसे अच्छी होती है।

डिटैंगलर हेयर ब्रश और रेट–टेल हेयर ब्रश

डिटैंगलर हेयर ब्रशरू यह कंघी भी सभी प्रकार के बालों के लिए बेहतरीन है। यह बालों की गांठों को आसानी से सुलझाने और उन्हें टूटने से बचाने में सहायक है। रेट–टेल हेयर ब्रशरू यह कंघी बालों को अलग–अलग हिस्सों में बांटने के लिए आदर्श है। इससे बालों की स्टाइलिंग के दौरान उन्हें अलग करना काफी आसान हो जाता है। किसी भी तरह के बालों की स्टाइलिंग के लिए इस कंघी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

वेंटेड हेयर ब्रश और बोअर ब्रिसल ब्रश

वेंटेड हेयर ब्रशरू अगर आपके पास बालों को ठीक से कंघी करने का समय नहीं है तो वेंटेड हेयर ब्रश आपके गीले बालों को तोड़े बिना उन्हें सुलझाता है और इन्हे सुखाने में भी सहायक है। इसका इस्तेमाल भी हर तरह के बालों पर किया जा सकता है। बोअर ब्रिसल ब्रशरू यह कंघी घुंघराले और पतले बाल वाले लोगों के लिए सही है। यह बालों की लंबाई में प्राकृतिक तेलों को वितरित करके उन्हें आसानी से संवारता है।

लूप हेयर ब्रश: इस कंघी में लूप ब्रिसल्स होते हैं, जो बालों के एक्सटेंशन को बिना खींचे संवारते हैं। आपके बाल भले ही किसी भी प्रकार के हो, अगर आपने हेयर एक्सटेंशन करवा रखा है तो लूप हेयर ब्रश का इस्तेमाल करें।